भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10, 2083 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-10, अंक-61 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
06 सितंबर 2026 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
25.6 अधिकतम
22.3 न्यूनतम



Page-7

# अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों की बड़ी तादाद को खदेड़ना अब भी चुनौती

**राजेश सिरोठिया, बांग्लादेश बॉर्डर से**

भारत-बांग्लादेश सीमा पर फेंसिंग और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के साथ सीमा पार से होने वाली घुसपैठ पर काफी हद तक अंकुश लगा है। लेकिन सीमा के भीतर भारतीय पहचान के दस्तावेज हासिल कर वर्षों से रह रहे संदिग्ध लोगों की पहचान और उन्हें वापस भेजना अब कहीं बड़ी चुनौती बनती दिखाई दे रही है। वीडियो जर्नलिस्ट आदित्य चौरसिया के साथ हमने बशीरहाट से आगे भारत-बांग्लादेश की जमीनी सीमा से लेकर दोनों देशों को अलग करने वाली इछमती नदी तक का दौरा किया। मकसद यह समझना था कि सीमा पर घुसपैठ रोकने के लिए तैनात बीएसएफ किस तरह निगरानी करती है, और जमीनी हकीकत क्या है।

रिपोर्टिंग की शुरुआत गोजाडंगा चेक पोस्ट से हुई। यही वह अधिकृत रास्ता है जहां पासपोर्ट और वीजा वाले यात्री कस्टम तथा अन्य औपचारिकताएं पूरी कर दोनों देशों के बीच आवाजाही करते हैं। भारतीय तरफ उत्तर 24 परगना जिले का बशीरहाट क्षेत्र है और चेक पोस्ट बशीरहाट कस्बे से करीब आठ किलोमीटर दूर है। दूसरी तरफ बांग्लादेश की सीमा चौकी और कस्टम कार्यालय पार करने के बाद खुलना क्षेत्र शुरू हो जाता है। हम वहां पहुंचे तो आवाजाही बेहद कम थी। इसी दौरान इलाज के बाद बांग्लादेश लौट रहा एक हिंदू परिवार मिला। परिवार की एक दिव्यांग संतान का इलाज भारत में कराया गया है। परिवार के एक सदस्य से हमने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की मौजूदा स्थिति के बारे में पूछा। उसका कहना था कि सामान्य तौर पर अब शांति है। हालांकि कभी-कभी अचानक हिंसा की घटनाएं हो जाती हैं। वह हिंदी नहीं समझ पा रहा था। हमारे ड्राइवर शुभंकर ने बांग्ला में उससे बातचीत कर हमारी जिज्ञासा शांत की।



भारत से अपनी बहन का इलाज कराकर लौट रहे बांग्लादेशी युवक से चर्चा। **इनसेट:** बच्ची जिसका इलाज हुआ। पीछे, बॉर्डर के पार बांग्लादेश के खुलना जिले की आवासीय बसाहट दिखाई दे रही हैं। -फोटो-आदित्य चौरसिया

इसके बाद हम गोजाडंगा पोस्ट के दाहिनी ओर संकरे रास्ते से करीब सात किलोमीटर आगे बढ़े और बीएसएफ की 120वीं बटालियन के जीरो पॉइंट पानीतार तक पहुंचे। यहां ऊंची और कंटीली तारों वाली मजबूत फेंसिंग सीमा की सुरक्षा का एहसास कराती है। जीरो पॉइंट पर बने मचान पर सब इंस्पेक्टर इंचार्ज गोपाल सिंह मिले। मचान के ठीक सामने इछामती नदी बह रही थी और उत्तर-पूर्व दिशा में करीब आधा किलोमीटर दूर बांग्लादेश का जंगल दिखाई दे रहा था। नदी में बीएसएफ की नावों की निगरानी चल रही थी। फिर हुगली यानी गंगा भी है जो बांग्लादेश बॉर्डर में प्रवेश करती है। वहाँ तैनात सुरक्षा अमले से हुई बातचीत के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में नदी के रास्ते होने वाली घुसपैठ पर काफी नियंत्रण हुआ है। हालांकि मौसम खराब होने पर आंधी-तूफान का फायदा उठाकर कभी-कभार छिटपुट घुसपैठ की कोशिशें होने की चुनौती अब भी बनी हुई है।

यहां खड़े होकर महसूस हुआ कि सीमा पार करना अब पहले जैसा आसान नहीं है। फेंसिंग, नदी की नावों से निगरानी और लगातार गश्त ने रास्ते को काफी कठिन बना दिया है। लेकिन यही स्थिति अगला सवाल भी खड़ा करती है - अगर सीमा पर घुसपैठ रोक दी गई है, तो भारतीय दस्तावेजों के साथ देश के भीतर मौजूद संदिग्ध लोगों की पहचान कैसे होगी?

## प्रशासकीय लापरवाही... चार दिन पहले हुई थी नकली 'बाम्बे व्हिस्की' मिलने की शिकायत

# शिकायतों की अनदेखी पड़ी भारी, सागर के बंडा में जहरीली शराब से 12 की मौत

- 35 लोग अस्पताल में भर्ती, 10 की हालत गंभीर
- अब हो रहे हैं अवैध शराब पर सख्ती बरतने के दावे

**सागर, दोपहर मेट्रो**

जिले की बंडा तहसील के बराज गांव में जहरीली शराब पीने से 12 लोगों की मौत होने की खबर ने पूरे प्रशासनिक तंत्र को झकझोर दिया है। करीब 35 लोग अस्पताल में भर्ती बताए गए हैं जिनमें से 10 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। इन्हें बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज और सागर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। शनिवार और रविवार की दरमियानी रात हुई इस घटना के बाद गांव में शोक और भय का माहौल है। ख़ास बात यह है कि नकली शराब को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, और त्रासदी हो गई। मौतों का आंकड़ा और भी बढ़ने की आशंका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बंडा थाना क्षेत्र के घूघर , बराज और अन्य गांव में शनिवार देर रात कई लोगों की तबीयत बिगड़ने और मौत होने की सूचना सामने आई। इसके बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और प्रशासनिक अमले को तत्काल मौके पर रवाना किया गया। डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल लाए गए मरीजों के शरीर नीले पड़ गए थे और उन्हें अकड़न महसूस हो रही थी। घटना के बाद प्रभावित गांवों में स्क्रीनिंग की जा रही है। शराब पीने वाले लोगों को चेकअप के लिए अस्पताल लाया जा रहा है।



जहरीली शराब पीने से बीमार लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने लोगों से अपील की है कि पिछले 24 से 48 घंटे में किसी भी तरह की शराब पी है या जहरीली शराब के लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो तुरंत स्क्रीनिंग कराएं। उन्होंने कहा कि लोग स्थानीय डॉक्टरों की टीम से संपर्क कर सकते हैं या सीधे सिविल अस्पताल पहुंचकर जांच करा सकते हैं। क्षेत्र की 6 शराब दुकानों को सील कर सैंपलिंग के निर्देश दिए गए हैं। मृतकों में चार गांवों के लोग शामिल बताए जा रहे हैं।

### आबकारी की मीटिंग में उठा था मामला

इस घटना के बाद जिले में अवैध और नकली शराब के कारोबार को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार हाल ही में एक शराब ठेकेदार ने आबकारी विभाग को 'बाम्बे व्हिस्की' नाम से कथित नकली शराब की बिक्री की शिकायत दी थी। आरोप है कि शिकायत मिलने के बावजूद इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बताया जा रहा है कि करीब चार दिन पहले आयोजित आबकारी विभाग की बैठक में भी लाइसेंसी ठेकेदारों ने जिले में नकली और अवैध शराब की बिक्री का मुद्दा उठाया था।

### बख्शे नहीं जाएंगे दोषी: मुख्यमंत्री

इस घटना पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शराब के सेवन से लोगों की मृत्यु होने का समाचार अत्यंत दु:खद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सागर जिले के प्रभारी मंत्री एवं अधिकारियों को घटना की तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं। जांच के पश्चात इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री विदेश दौरे पर रवाना होने से पहले नई दिल्ली में मीडिया से चर्चा कर रहे थे।

## मनी ट्रेल के लिए नहीं हुई व्यापक पूछताछ

# सौरभ शर्मा केस में ईडी का चालान भी सवालों के घेरे में

**भोपाल, विशेष संवाददाता**

परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) विशेष पीएमएलए अदालत में चालान पेश कर चुका है। लेकिन इतनी बड़ी कथित मनी लॉड्रिंग की जांच के बावजूद अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या पूरे सिंडिकेट और धन के अंतिम लाभार्थियों तक जांच पहुंची? खास तौर पर सौरभ के संपर्क में रहे परिवहन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, कारोबारी, सहयोगी और संपत्तियों से जुड़े लोगों से पूछताछ का दायरा कितना व्यापक रहा, इसकी पूरी तस्वीर सार्वजनिक नहीं है।

उल्लेखनीय है की पीएमएलए कानून ईडी को किसी भी ऐसे व्यक्ति को समन करने का अधिकार देती है, जिसकी गवाही या दस्तावेज जांच के लिए जरूरी हों। कम से कम 50 लोगों के बयान दर्ज होना चाहिए ताकि व्यापक सिंडिकेट और मनी ट्रेल का पता लगाया जा सके। लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ। दूसरा सवाल फॉरेंसिक और डिजिटल मनी ट्रेल को लेकर है। ईडी ने तलाशी में दस्तावेज और संपत्तियों से जुड़े रिकॉर्ड मिलने की बात कही है, लेकिन व्यापक फॉरेंसिक ऑडिट का विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया है। एक अन्य अहम सवाल दुबई की कथित संपत्ति का है। मार्च 2025 की रिपोर्ट्स में में दुबई में करीब 150 करोड़ रुपए के बंगले की चर्चा हुई थी, लेकिन उस समय भी उसका स्वामित्व और खरीद में इस्तेमाल धन का स्रोत स्पष्ट नहीं हो पाया था।

### दुबई की संपत्ति किसकी ?



सवाल है कि दुबई की संपत्ति किसके नाम है, रकम किसने लगाई और उसका संबंध भारत में सामने आए कथित अपराध की आय से है या नहीं? यदि इन सवालों का जवाब चालान में स्पष्ट नहीं है तो जांच की पूर्णता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। खासकर तब, जब ईडी स्वयं 108.25 करोड़ रुपए की अपराध से अर्जित संपत्ति का दावा कर चुकी है। यानी असली सवाल सिर्फ 108 करोड़ की संपत्ति का नहीं, बल्कि उस रकम के पीछे मौजूद पूरे नेटवर्क और अंतिम लाभार्थी तक पहुंचने का है।

## न्यूज विंडो

### संभल: ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में ट्रक से भिड़ा टेंपो, 5 की मौत

**बहजोई(संभल)।** आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर बहजोई से करीब तीन किमी दूर बमनेटा गांव के पास आज सुबह करीब आठ बजे ई-रिक्शा को बचाने के प्रयास में टेंपो सामने से आ रहे बजरी लदे ट्रक से भिड़ गया। ट्रक भी बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में पांच लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। सभी लोग बहजोई से टेंपो में सवार होकर चंदौसी की ओर जा रहे थे।

### मुंबई के धारावी में सिलेंडर में लगी आग, 4 झुलसे

**मुंबई।** यहां धारावी के राजीव गांधी नगर में एक घर में LPG सिलेंडर में आग लग गई। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों ने आग बुझा दी। हादसे में दो बच्चों समेत 4 लोग झुलस गए। सभी घायलों को सायन अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### आज का कार्टून




# बिहार-महानंदा एक्सप्रेस डिरेल, 2 कोच पटरी से उतरे, कई ट्रेनें लेट

**भोजपुर।** बिहार के आरा में आज सुबह करीब 4 बजे अलीपुरद्वार जंक्शन-दिल्ली महानंदा एक्सप्रेस डिरेल हो गई। एक जनरल और एक AC बोगी पटरी से उतर गई। घटना पंडित दीनदयाल उपाध्याय-दानापुर रेलखंड पर हुई। घटना के बाद रेलवे स्टाफ और ट्रेन में सवार यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। आनन-फानन में रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।



हादसे के करीब साढ़े 3 घंटे बाद महानंदा एक्सप्रेस को रवाना किया गया। डिरेल हुई बोगियों की मरम्मत का काम जारी है। इस मामले में आरा स्टेशन के मैनेजर एनके राय को सस्पेंड कर दिया गया है। महानंदा एक्सप्रेस के डिरेल होने के कारण दिल्ली-हावड़ा रूट प्रभावित हुआ।

## प्रदेश में बाढ़ के हालात: ग्वालियर-चंबल और सागर के 15 जिलों में भारी बारिश

# उज्जैन में रामघाट रोड पर पुराना महाकाल द्वार गिरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के पूर्वी हिस्से के बाद अब मानसूनी सिस्टम पश्चिमी हिस्से को भी तरबतर कर रहा है। इससे कई जिलों में बाढ़ के हालात हैं। उज्जैन में बारिश की वजह से महाकाल मंदिर से रामघाट जाने वाले रोड का ऐतिहासिक महाकाल द्वार शनिवार देर रात गिर गया। किसी जनहानि की सूचना नहीं है। एक्जीक्यूटिव इंजीनियर कमल सक्सेना ने कहा- महाकाल द्वार के पास निर्माण कार्य के दौरान गहरी खुदाई चल रही है। बारिश के कारण मिट्टी में नमी बढ़ने और जमीन के सेटलमेंट की वजह से द्वार की संरचना प्रभावित होने की आशंका है। वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

इधर नर्मदा समेत कई नदियां उफान पर हैं। बरगी, भदभदा और कलियासोत डैम के गेट खुल चुके हैं। रविवार को ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के 15 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। प्रदेश में अब तक 30 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है।



उज्जैन में बारिश के कारण मिट्टी धंसने से रामघाट रोड पर पुराना महाकाल द्वार गिर गया।


## मेट्रो एंकर | प्रसिद्ध संत नीम करोली बाबा की आध्यात्मिक यात्रा पर आधारित है विशाल चतुर्वेदी की फिल्म

# बॉक्स ऑफिस पर 'हनुमान अंश' का गदर, 10 लाख से 100 करोड़ का सफर

**मुंबई, एजेंसी**

एक फिल्म जो पहले दिन फ्लॉप होने वाली थी, उसने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। मात्र 10 लाख रूपए की मामूली ओपनिंग से शुरू हुआ सफर अब 100 करोड़ के पार जाने को है। पहले दिन सिनेमाघरों में दर्शक नसीब नहीं होने के कारण यह फिल्म महज 20 थिएटर्स में सिमटने की कगार पर खड़ी थी। आखिर ऐसा क्या चमत्कार हुआ कि पूरा बॉक्स ऑफिस हिल गया?

फिल्म 'हनुमान अंश' 7 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। फिल्म को लेकर कोई बड़ा पीआर नहीं किया गया और ना ही रिलीज के बाद इसके बारे में कोई जान रहा था। पहले हफ्ते में इसे टक्कर देने के लिए कोई बड़ी फिल्म भी नहीं थी। इसके बावजूद फिल्म एक हफ्ते में केवल 1.08 करोड़ का कलेक्शन कर पाई। कम पॉपुलैरिटी और छोटी फिल्म होने के चलते पहले हफ्ते में ये फिल्म केवल 250 स्क्रींस में दिखाई गई थी। कम कमाई होने के चलते दूसरे हफ्ते में स्क्रीन घटकर 25 रह गईं। लेकिन इसके बाद दर्शकों की तारीफ के दम पर फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल आया।




**चौथे हफ्ते हुआ चमत्कार:** असली चमत्कार तो तब हुआ, जब 26 अगस्त को 'टॉक्सिक' की रिलीज के बावजूद फिल्म ने अपनी कमाई जारी रखी। टॉक्सिकजैसी बड़ी स्टारकास्ट और बड़े बजट पर बनी फिल्म के आगे 'हनुमान अंश' ने अपना दबदबा कायम रखा। चौथे हफ्ते में इसकी कमाई डबल डिजिट (करोड़ों में) में होने लगी और अब इस फिल्म का नाम हर किसी की जुबान पर था। इसी हफ्ते में फिल्म ने 61 करोड़ का कलेक्शन किया। अचानक बढ़ी इसकी कमाई ने सबको हैरान कर दिया। अब यह फिल्म प्रतिदिन 'टॉक्सिक' से ज्यादा कमाई कर रही है।

**सेट पर नहीं खाते थे नॉनवेज:** फिल्म की शूटिंग को लेकर डायरेक्टर विशाल ने बताया है कि 'जय संतोषी मां इंडियन सिनेमा की हिस्ट्री की सबसे सक्सेसफुल फिल्म है और बहुत लोग ये जानते ही नहीं। मैं डेढ़ साल से फिल्म के लिए रिसर्च कर रहा था। क्योंकि इस तरह की कैटेगरी के लिए अभी फिल्मों में काफी खाली जगह है। मैं इस फिल्म का प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हूं। मैंने अपनी फीस भी नहीं ली। सेट पर सिर्फ वेजिटेरियन खाना आता था। हम सब हर दिन सुबह हनुमान चालीसा पढ़ते थे। फिल्म की रिलीज से पहले मैं साढ़े चार महीने फ्रूट्स डायट पर था।

### आध्यात्मिक यात्रा की कहानी

*विशाल चतुर्वेदी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 'लक्ष्मीनारायण' नाम के एक युवक की कहानी है, जो अपनी मां के निधन के बाद जीवन और मृत्यु के सवालों के जवाब ढूंढने के लिए आध्यात्मिक यात्रा पर निकलता है। उत्तर भारत में अपनी इस यात्रा के दौरान वह आगे चलकर प्रसिद्ध संत नीम करोली बाबा के रूप में पहचाने जाते हैं। फिल्म में शोभिनव सत्या ने मुख्य भूमिका निभाई है।*

## न्यूज विंडो

### जंबूरी में मटकी फोड़कर छिंदवाड़ा बना विजेता, 2.51 लाख का इनाम




**भोपाल।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जम्बूरी मैदान में हुई भोजपाल मेला उत्सव समिति की भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया। इसमें छिंदवाड़ा से आए एकता क्लब के साथियों ने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन करते हुए मटकी फोड़ी थी। टीम को 2.51 लाख रुपए का इनाम दिया गया। इस दौरान विजेता टीम को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सभी बाल गोपालों को शुभकामनाएं दी गईं।

### ट्रक ने मारी टक्कर, अस्पताल जा रहे सुपरवाइजर की मौत

**भोपाल।** निषादपुरा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक्टिवा सवार 53 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। निषादपुरा पुलिस के मुताबिक शिवनगर निवासी कुलदीप सक्सेना (53) पीलूखेड़ी स्थित केमिकल फैक्ट्री में सुपरवाइजर थे। शनिवार सुबह रूटीन चेकअप के लिए बानपुर स्थित अस्पताल जा रहे थे। टीआई के पास पीछे से आए ट्रक ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### घूस लेते पकड़ाया पटवारी तो कोर्ट ने कहा-वॉयस सैंपल लिए जाएं

**भोपाल।** जमीन के सीमांकन के एवज में 10 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़े गए पटवारी सुप्रिया सेन को लोकायुक्त के विशेष न्यायाधीश सर प्रताप सिंह ने लोकायुक्त पुलिस को अपनी आवाज का सैंपल देने के आदेश दिए हैं। विशेष न्यायाधीश ने लोकायुक्त पुलिस की याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश में कहा है कि पटवारी लोकायुक्त संगठन भोपाल के कार्यालय में अपनी आवाज का नमूना उपलब्ध कराएं।

### 3 दिन अवकाश से तहसीलों में कई काम पेंडिंग, कल से कामकाज

**भोपाल।** जन्माष्टमी से लेकर आज तक के अवकाश के कारण जिले की हुजूर, कोलार, बैरसिया सहित गोविंदपुरा, शहर, एमपी नगर, टीटी नगर, बैरागढ़ नजूल में कई काम पेंडिंग हो गए हैं। अब सोमवार से तहसील व नजूल कार्यालय खुलेंगे। लोग लंबित काम करा सकेंगे।

### ये है विजय नगर...बदहाल सड़कें-गड्ढे और आवारा मवेशी...तो क्या शहर में गांव बस गया क्या



**भोपाल।** वार्ड नंबर-6 स्थित विजय नगर में पिछले कुछ माह से सड़क और मूलभूत सुविधाओं के लिए लोग परेशान हो रहे हैं। जगह-जगह सड़कें खराब पड़ी हैं। बड़े-बड़े गड्ढे लोगों की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। बारिश में इन गड्ढों में पानी भरने से राहगीरों को नजर नहीं आ रहे और आए दिन वाहन इसमें फंस रहे हैं। लोगों का कहना है कि अमृत योजना के तहत शुरू हुए काम के लिए ठेकेदार ने सड़कें तो खोद दीं, लेकिन इसकी मरम्मत नहीं की। अब यहां जलभराव हो रहा है। राहें कीचड़ में सनी हैं। बच्चों को स्कूल तक जाने में दिक्कत हो रही है। इसके साथ ही आवारा कुत्ते और मवेशियों ने भी जीना मुहाल कर रखा है। शहर में ही गांव जैसी हालत हो गई है।

**नियम को ठेंगा दिखा** कलियासोत के कैचमेंट में इमारत, लगातार बारिश से धंसी रिटेनिंग वॉल, 12 फीट नीचे गिरीं कारें





एनजीटी के आदेश पर 11 सदस्यीय एक्सपर्ट टीम कर रही बड़ा तालाब के एफटीएल का वैज्ञानिक सर्वे, गौरा गांव, बीलखेड़ा और कोलूखेड़ी में मुनारों से कई फीट आगे तक दिखा पानी

एनजीटी के अनुसार नदी-तालाब से 50 मीटर दायरे में कोई निर्माण नहीं, लेकिन कलियासोत नदी से महज 33 फीट दूर आम्रवैली ने बनाया अपार्टमेंट, अपार्टमेंट की रिटेनिंग वॉल नदी से लगाकर बना दी

अब अपार्टमेंट में रहने वाले लोग दहशत में, पर्यावरणविद् बोले-यह कलियासोत का कैचमेंट एरिया, यहां नियम तोड़कर बनाया अपार्टमेंट, लगातार बारिश हुई तो इमारत की नींव भी हो सकती है खोखली

# बड़े तालाब का हद नाप रही एनजीटी की टीम अब कलियासोत के कैचमेंट ने भी दिखाई हद

**भोपाल। दोपहर मेट्रो**

इस मानसून सीजन में बड़ा तालाब ने अपनी हदें दिखाईं तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने तालाब की सीमा तय करने के लिए वैज्ञानिक सर्वे के आदेश दे दिए। 11 सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम सर्वे करने भी उतर गई। भदभदा डैम के पास से ड्रोन उड़ाए तो गोरा गांव में मुनारों से 50 से 70 फीट आगे तक पानी पहुंचा हुआ नजर आया। यहां मकान, बंगले, दुकानें और अन्य अतिक्रमण भी दिखे।बीलखेड़ा में भी मुनारों से आगे तक पानी पहुंचा। कोलूखेड़ी और भैंसाखेड़ी में 250 मीटर के दायरे से आगे तक पानी भरा मिला। भैंसाखेड़ी में तो चिरायु तक पानी की पहुंच चुका है। वहीं, खानूगांव और हलालपुर के मैरिज गार्डनों के पीछे तक पहुंचे पानी ने संकेत दिया कि बड़ा तालाब की हदें इतनी दूर तक हैं। इस बीच शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात बारिश ने कलियासोत नदी के कैचमेंट का दायरा भी दिखा दिया। नियमों को ताक पर रखकर कलियासोत नदी के कैचमेंट में 7 मंजिला तनी आम्रवैली की इमारत की रिटेनिंग वॉल धंस गई। पार्किंग में खड़ी तीन कारें 10 से 12 फीट गहरी खाई में जा गिरीं। गनीमत रही कि हादसा रात में हुआ, वरना कई जिंदगियां दांव पर लग सकती थीं।



#### सैर-सपाटे के ऊपर ड्रोन से नजर आया अतिक्रमण

बड़ा तालाब के सर्वे के दौरान टीम भदभदा पहुंची तो याचिकाकर्ता राशिद नूर ने तालाब के कैचमेंट में हुए अतिक्रमणों को दिखाया। टीम ने सैर सपाटा क्षेत्र में ड्रोन उड़ाया। आसमान से प्रेमपुरा, वन विहार, सूरज नगर, सेवनियां गौड़, बिशनखेड़ी, गौरा गांव सहित आसपास के इलाकों के फोटो लिए गए। मुगालिया छाप गांव में भी ड्रोन उड़ाया गया। इस दौरान की सभी तस्वीरें ली गईं और वीडियो भी रिकॉर्ड में लिए गए।

#### ड्रोन सर्वे में टीम को कई जगह दिखे अतिक्रमण, 15 दिन में देगी रिपोर्ट

टीम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी नीतेश चौरसिया, वरिष्ठ पर्यावरणविद् सुभाष सी. पांडेय, राशिद नूर, पटवारी सहित नगर निगम और वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी नीतेश चौरसिया ने बताया कि एनजीटी ने 15 दिन का समय दिया है। टीम तय समय में बड़ी झील, कलियासोत और केरवा डैम का वैज्ञानिक सर्वे पूरा कर रिपोर्ट एनजीटी को देगी। फोटो-वीडियो के सर्वे रिकॉर्ड के आधार पर बड़ी झील की वास्तविक सीमाएं तय हो सकेंगी। बड़े तालाब के कैचमेंट में मकान, बंगले, दुकानें और अन्य तरह के अतिक्रमण भी नजर आए हैं। बीलखेड़ा में भी मुनारों के आगे तक पानी पहुंच गया है।

#### आम्रवैली..50 मीटर का नियम तोड़ा, 33 मीटर पर ही बनाई कॉलोनी

पर्यावरण नियमों के मुताबिक नदी के 50 मीटर के दायरे में कोई भी निर्माण नहीं हो सकता। इसके बाद भी आम्रवैली कॉलोनी को नदी से महज 33 मीटर की दूरी पर खड़ा कर दिया गया। नदी की जमीन पर कब्जा कर रिटेनिंग वॉल बनाई। तेज बारिश के बाद जब नदी का बहाव बढ़ा, तो मिट्टी का कटाव हुआ। सड़क समेत रिटेनिंग वॉल भरभराकर धंस गई। नदी के मुहाने पर इतनी बड़ी सात मंजिला इमारत का होना पर्यावरण के साथ-साथ वहां रह रहे सैकड़ों परिवारों की जान के साथ खिलवाड़ है। कलियासोत के गेट खुलने के बाद नदी उफान पर है। इससे किनारे की मिट्टी दरक रही है। लोगों का कहना है कि अब समय रहते प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

---

कोलार में व्यापारियों और आम लोगों की समस्या को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## थाली-चम्मच बजाकर महापौर को बताया गुमशुदा

**भोपाल। दोपहर मेट्रो**

कोलार में सीलिंग और मास्टर प्लान के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने रविवार को प्रदर्शन किया। मंदाकिनी चौराहे पर कोलार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राहुल सिंह राठौर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने थाली-चम्मच, बीन और पुंगी बजाकर महापौर को 'गुमशुदा' बताते हुए विरोध किया। आरोप लगाया कि व्यापारी दुकानें बंद कर विरोध कर रहे हैं और आमजन भी परेशान हैं, लेकिन महापौर गायब हैं। निगम उनकी नहीं सुन रहा। महिलाओं ने थाली और चम्मच बजाकर महापौर को जगाने का प्रतीकात्मक प्रयास किया। राहुल सिंह राठौर ने कहा कि कोलार में सीलिंग के मुद्दे और अन्य समस्याओं को लेकर व्यापारी और रहवासियों की समस्याएं जल्द नहीं सुलझीं तो कांग्रेस कार्यकर्ता महापौर, सांसद और हुजूर विधायक के घर के बाहर ढोल बजाकर प्रदर्शन करेंगे।



#### सीएम से मास्टर प्लान लागू करने की मांग

कांग्रेस नेताओं ने सीएम डॉ. मोहन यादव से भोपाल का मास्टर प्लान जल्द लागू करने की मांग की। कहा, मास्टर प्लान लागू होने से रहवासियों और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान का रास्ता साफ हो सकता है। प्रदर्शन में पूर्व सरपंच मंगल सिंह यादव, प्रशांत चौहान, ब्रज साहू, योगेश सराठे, महक राणा समेत अन्य नेता मौजूद थे।

## मांग-मांग कर थक गए लांबाखेड़ा के रहवासी, कचरे के ढेर पर 'स्मार्ट सिटी'

**भोपाल। दोपहर मेट्रो**

शहर की मुख्य सड़कों पर 'स्वच्छता' के बड़े-बड़े दावे ठोंकने वाले नगर निगम के अफसरों की असलियत लंबाखेड़ा की कॉलोनियों में नजर आ रही है। चारों तरफ पसरा कचरे का अंबार और सड़ती गंदगी निगम के दावों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रही है। नियमित कचरा गाड़ियां न आने से सड़कें, चौराहे और खाली प्लॉट कचरा घर बन गए हैं। लोग मांग-मांग कर थक गए, लेकिन सफाई नहीं हुई। हालत यह है कि सड़ते कचरे की लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है। आवारा मवेशी और जमा बारिश के पानी में पनपते मच्छर बीमारियों को न्योता दे रहे हैं।



### युवक ने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल। दोपहर मेट्रो**

हबीबगंज थाना क्षेत्र में 39 वर्षीय युवक ने देर रात फांसी लगा ली। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चला है। पुलिस के अनुसार वार्ड 12 गल्ला मंडी भदभदा निवासी विनोद पिता बहुगुणा मराठा था। रात में वह कमरे में सोने के लिए गया था। सुबह वह विनोद फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस जांच कर रही है।

---

कटारा हिल्स में हाईप्रोफाइल प्राइड सिटी से दबोचा

## सीएजी के अधिकारी के घर से मिला गांजा और एमडी ड्रग्स, पत्नी गिरफ्तार

**भोपाल। दोपहर मेट्रो**

नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में प्राइड सिटी के मकान नंबर-39 में पुलिस ने छापेमारी की। यहां से 1.20 किलो गांजा और 3.7 ग्राम क्रिस्टलनुमा एमडी ड्रग्स बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि मकान सीएजी के अधिकारी अमित कमार विसेन का है। मामले में पुलिस ने उनकी पत्नी सोनम राहंगडाले को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 60 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मुखबिरी सूचना पर यह कार्रवाई की। मादक पदार्थ घर की किचन में रखा गया था। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है। इधर, गौतम नगर पुलिस ने भी शारदा नगर, नारियलखेड़ा स्थित एक मकान में दबिश देकर गांजा बेचने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 66 ग्राम गांजा और बिक्री से जमा किए गए 1.90 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। यहां निर्मला कुछ्बंदिया पति अजेश (45) को गांजा बेचते हुए पकड़ लिया।

वारदात, व्यापारी का बैंकिंग पासवर्ड भी छीना

## सेज के छात्रों ने कारोबारी को बनाया बंधक, मारपीट, पुलिस ने बचाया

**भोपाल। दोपहर मेट्रो**

सोलर पैनल का कारोबार करने वाले युवक का अपहरण कर उसे विदिशा ले जाने और बाद में कटारा हिल्स में बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने उन्हें व्हाट्सएप कॉल कर बिजनेस पार्टनर बनाने का कहकर एमपी नगर बुलाया था। इसके बाद कार से विदिशा ले गए। वहां होटल में रखकर बिजनेस की बातचीत करते रहे। बाद में बागसेवनिया की एक होटल में रखा। कारोबारी को उस वक्त संदेह हुआ कि वह गलत लोगों के साथ फंस गया है, जब उसे कटारा हिल्स स्थित आमरीन होम में फ्लैट में बंधक बना लिया गया। आरोपियों ने उनके दो आईफोन, टैब और करंट अकाउंट सहित नेट बैंकिंग का पासवर्ड ले लिया था।

पुलिस कारोबारी को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया है। बैंक बंद होने के कारण अकाउंट की डिटेल पुलिस को नहीं मिली है। अकाउंट की डिटेल मिलने के बाद पता चलेगा कि उनके खाते से कुल कितना ट्रांजेक्शन हुआ है। पुलिस के अनुसार यशवंत लोधी (47) सूरज नगर, रातीबड़ में रहते हैं। उनकी कंपनी है और वह सोलर पैनल इंस्टालेशन करते हैं। 31 अगस्त की रात आरोपियों ने कहा कि यहां पुलिस का खतरा है और कटारा हिल्स स्थित आमरीन होम के फ्लैट में देर रात चलना पड़ेगा। यशवंत ने कहा कि हम कोई अनैतिक काम नहीं कर रहे हैं फिर पुलिस का क्या खतरा? अब कारोबारी को थोड़ा संदेह होने लगा था कि उनके साथ गलत हो रहा है। आरोपी देर रात यशवंत को आमरीन गोल्डन सिटी में 5वें माले के फ्लैट में लेकर पहुंचे। इसके बाद आरोपियों के तेवर बदल गए। वह मारपीट करने लगे।

#### कीपैड मोबाइल से किया पुलिस से संपर्क

आमरीन गोल्डन सिटी के फ्लैट में यशवंत को रखने के बाद आरोपी उन्हें यातनाएं देने लगे। वह ठीक से खाना नहीं दे रहे थे और उनके साथ मारपीट की जा रही थी। आरोपियों के सोते समय यशवंत ने की पैड मोबाइल से डायल 112 को कॉल कर घटना की जानकारी दी। पुलिस की टीम ने घेराबंदी करते हुए यशवंत को फ्लैट से बाहर निकाला। पुलिस ने हर्ष मेहरा (28) एलआईजी लहरपुर कटारा हिल्स और रोनित राज गुप्ता (20) गिरफ्तार कर लिया है। रोनित सेज का छात्र है। दो फरार आरोपियों में सेज के पूर्व छात्र हर्ष दुबे और रोहन उर्फ बिष्ट की तलाश की जा रही है।

---

**मेट्रो एंकर** विधोदय युवा संघ में शामिल डॉक्टर-इंजीनियर, वकील कर रहे सेवा

## आचार्यश्री समय सागर ने युवओं को दिया संदेश, ज्ञान का दुरुपयोग विनाश का कारण, अहिंसा का पोषण करने वाला ज्ञान ही अपनाएं

**भोपाल। दोपहर मेट्रो**

आचार्य श्री समय सागर महाराज के वर्षा योग की आत्म साधना में निरंतर आध्यात्मिक क्रिया हो रही हे, संघ के संतों ब्रह्मचारी भइया-बहन रोज वैराग्य की राह के लिए आचार्य श्री से मार्गदर्शन ले रहे हैं। वर्षा योग समिति के स्वागत अध्यक्ष अखलेंद्र जैन ने बताया रोज देश के कई शहरों से श्रद्धालु दर्शन को आ रहे हैं। आत्मशुद्धि के पर्व 16 से 25 तक आत्म साधना शिविर के लिए कई श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन भी करा लिया है। रविवार को आचार्य श्री समय सागर महाराज ने कहा सांसारिक पर प्रदार्थो से जब तक पूरी तरह दृष्टि नहीं जाएगी, वीतरागता नहीं आएगी। विकास की अंधी दौड़ में जो ज्ञान का दुरुपयोग हो रहा है, इससे पूरा विश्व महाविनाश की ओर बढ़ रहा है। ये अशांति और पतन का मूल कारण है। जिस ज्ञान से अहिंसा का पोषण हो, वह सम्यक ज्ञान है। जिस ज्ञान से हिंसा पनपे, वह कुमति का ज्ञान है। सम्यक ज्ञान की ओर बढ़ें। आचार्यश्री के सानिध्य में राजधानी के विधोदय युवा संघ के साथी, इसमें ज्यादातर उच्च शिक्षित डॉक्टर, एडवोकेट, इंजीनियर हैं, वे सेवा में जुटे हुए हैं।



#### हर युवा अपनी योग्यानुसार कर रहा सेवा

युवा संघ सचिव यश जैन ने बताया संघ की की स्थापना मुनि निष्पक्ष सागर महाराज की प्रेरणा से की गई है। सभी साथी अपनी योग्यता अनुसार काम कर रहे हैं। इसमें अध्यक्ष अभिषेकराज जैन एडवोकेट गौरव जैन, हर्ष जैन, हिमांशु जैन, अजय जैन, उज्जवल जैन, वैभव जैन आईटी, दीपेश टेलर अभिषेक जैन अबोध, अक्षय जैन एडवोकेट, नितिन जैन मेडिसिन, जीतू सिलवानि अनुरागआर्मश जैन, स्पर्श जैन, समग्र जैन, सृजन पलाश जैन, गौरव अजय जैन युवराज जैन बैरागढ़ पारस जैन सागर अक्षय जैन सोहत विपिन जैन, बिट्टू जैन आदि सेवा कर रहे हैं।

#### हर दिन मिल रहा गुरु का आशीर्वाद

वर्षा योग समिति प्रवक्ता सुनील जैनाविन ने बताया चातुर्मास मंगल कलश स्थापित करने वाले प्रमुख परिवार सर्व श्री देवेंद्र रुचि, पदम जैन, मनीष कोयला मनोज बांगा पंकज सुपारी, ऋषभ, मनीष, प्रगति आदि भी लगातार आध्यात्मिक क्रियाओं में शामिल होकर गुरु का आशीर्वाद ले रहे हैं।

### मध्यप्रदेश के लिए दुबई में बड़ा निवेश अभियान, बड़े उद्योग समूहों पर नजर

# सीएम 4 दिन तक जुटाएंगे कारोबारी संभावनाएं, देंगे निवेश का न्यौता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री मोहन यादव आज से 9 सितंबर तक दुबई दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे संयुक्त अरब अमीरात के प्रमुख निवेशकों, उद्योग समूहों और कारोबारी प्रतिनिधियों से मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री की यात्रा का प्रमुख हिस्सा एआईएम कांग्रेस-2026 में भाग लेना होगा। यहां मध्यप्रदेश की औद्योगिक, व्यापारिक और पर्यटन क्षमता को दुनिया के सामने रखा जाएगा। इसके अलावा अलग-अलग देशों और यूएई के प्रमुख नीति-निर्माताओं व उद्योगपतियों के साथ बैठकें होंगी।

तीन दिवसीय कार्यक्रम में निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकें, एआईएम कांग्रेस में मध्यप्रदेश पवेलियन का उद्घाटन, इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश-इंडिया निवेश सत्र, शारजाह के उद्योग प्रतिनिधियों के साथ चर्चा और दुबई के प्रमुख उद्योग समूहों के साथ बैठकें शामिल हैं। मध्यप्रदेश सरकार का कहना है कि प्रदेश अपनी औद्योगिक क्षमता, प्राकृतिक संसाधनों, कुशल मानव संसाधन और निवेश के अनुकूल नीतियों के कारण वैश्विक निवेश के लिए बेहतर विकल्प बन रहा है।

### आज प्रवासी भारतीयों और कारोबारी समुदाय से संवाद

दुबई पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री का प्रवासी भारतीय समुदाय की ओर से स्वागत किया जाएगा। इसके बाद ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) स्टॉल का उद्घाटन होगा। यहां मध्यप्रदेश के बेल मेटल, चंदेरी, माहेश्वरी, बाटिक, जरी-जरदोजी और ग्वालियर कारपेट जैसे स्थानीय उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री यूएई में भारत के राजदूत दीपक मित्तल और दुबई के महावाणिज्य दूत ई. विष्णु वर्धन रेड्डी से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के आर्थिक और निवेश संबंधों पर चर्चा होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद अल यम्माही के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान उन्हें और अरब संसद के सदस्यों को इन्वेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 के लिए आमंत्रित किया जाएगा। मुख्यमंत्री मीडिया से भी संवाद करेंगे। इसके बाद एआईएम कांग्रेस-2026 के आमंत्रण आधारित 'टाइकून्स' कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### एआईएम कांग्रेस में मध्यप्रदेश की प्रस्तुति

दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री एआईएम कांग्रेस-2026 में मध्यप्रदेश पवेलियन का उद्घाटन करेंगे। पवेलियन में प्रदेश की औद्योगिक क्षमता, निवेश के अवसर और प्रमुख क्षेत्रों की जानकारी अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को दी जाएगी। मुख्यमंत्री रास अल खैमाह के शासक शेख सऊद बिन सक्र अल कासिमी से मुलाकात करेंगे और उन्हें ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 के लिए आमंत्रित करेंगे। एआईएम कांग्रेस के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों की मौजूदगी में लीडर्स सेशन को संबोधित करेंगे। इसके बाद तातारस्तान के गवर्नर के साथ बैठक होगी। इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश-इंडिया निवेश सत्र में मुख्यमंत्री प्रदेश की निवेश संभावनाओं और सरकार की नीतियों के बारे में निवेशकों को जानकारी देंगे। इस सत्र को थानी बिन अहमद अल ज़ेयूदी भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री, श्व के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक अल मर्री और थानी बिन अहमद अल ज़ेयूदी के साथ भी उच्चस्तरीय बैठक करेंगे।



### 9 को दिल्ली वापसी

तीन दिवसीय निवेश-केंद्रित कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव 9 सितंबर को दुबई से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। मध्यप्रदेश सरकार का लक्ष्य दुबई में होने वाली इन बैठकों और संवाद को आगे चलकर निवेश प्रस्तावों, कारोबारी साझेदारियों और लंबे समय के सहयोग में बदलना है।

**8 सितंबर: बड़े निवेशकों से वन-टू-वन बैठक** | तीसरे दिन मुख्यमंत्री UAE के प्रमुख निवेशकों और उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बैठक करेंगे। इनमें राणा होल्डिंग्स, जेम्स एजुकेशन, क्रेसेंट ग्रुप, प्योर हेल्थ, शराफ ग्रुप, चोइथराम्स, डीपी वर्ल्ड, ब्यूमर्क कॉरपोरेशन, वेस्ट जोन, केजीके ग्रुप, विस्टास मीडिया कैपिटल और वीएफएस ग्लोबल शामिल हैं। इसके बाद शारजाह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष अब्दुल्ला सुल्तान अल ओवैस के साथ बैठक होगी। शारजाह चैंबर और आईबीपीसी शारजाह के प्रतिनिधियों के साथ राउंड टेबल बैठक में मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर चर्चा होगी। मुख्यमंत्री बीआह ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ भी बैठक करेंगे। इसके बाद दुबई के प्रमुख कारोबारी समूह इमार के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से मुलाकात होगी। इसमें रियल एस्टेट, शहरी विकास और अन्य संबंधित क्षेत्रों में संभावित निवेश और सहयोग पर चर्चा होगी। शाम को इन्वेस्ट मध्यप्रदेश- निवेश अवसरों पर संवाद सत्र आयोजित होगा।

### इंदौर में 2,850 करोड़ की मेट्रो परियोजना का शुभारंभ

# मेट्रो से बदलेगी पूरे मालवा की यातायात व्यवस्था, उज्जैन तक पहुंचाने का संकल्प

**इंदौर/ भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर में मेट्रो ट्रेन का विस्तार महज परिवहन सुविधा बढ़ाने की योजना नहीं, बल्कि विकास के नए अध्याय की शुरुआत है। मेट्रो के नए चरण के शुभारंभ के साथ इंदौर के शहरी परिवहन नेटवर्क को नई गति मिलेगी। आने वाले समय में मेट्रो को उज्जैन, पीथमपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से जोड़ने की दिशा में भी काम आगे बढ़ाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को इंदौर में मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा 2,850 करोड़ रुपए की लागत से सुपर कॉरिडोर-3 से मालवीय नगर तक बनाए जा रहे मेट्रो कॉरिडोर के नए चरण का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने बटन दबाकर मेट्रो सेवा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण को मिले सकारात्मक प्रतिसाद के बाद अब मेट्रो शहर के अंदरूनी क्षेत्रों तक पहुंच रही है। इसका विस्तार आगे भी जारी रहेगा।

डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले समय में इंदौर मेट्रो को उज्जैन तक ले जाने का संकल्प है। इससे इंदौर, उज्जैन और आसपास के क्षेत्रों को एक बेहतर महानगरीय परिवहन नेटवर्क से जोड़ा जा सकेगा। पीथमपुर सहित औद्योगिक और आसपास के क्षेत्रों को भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलने से आवागमन आसान होगा और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने इंदौर-मनमाड़ नई रेल लाइन परियोजना को भी क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। 18,500 करोड़ रुपए की इस परियोजना के पूरा होने पर इंदौर से महाराष्ट्र और मुंबई तक सीधा रेल संपर्क मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि इंदौर से मुंबई जाने के लिए गुजरात होकर जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। परियोजना से मालवा और मध्यप्रदेश के आर्थिक विकास को भी नई दिशा मिलने की उम्मीद है।



### इंदौर-उज्जैन के बीच मजबूत होगी कनेक्टिविटी

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुना-उज्जैन, उज्जैन-इंदौर और इंदौर-मनमाड़ तक बेहतर रेल कनेक्टिविटी विकसित की जा रही है। मेट्रो और रेल नेटवर्क के विस्तार से इंदौर की यातायात व्यवस्था मजबूत होने के साथ पूरे मालवा क्षेत्र को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट सहित सांसद, विधायक, महापौर और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### पीथमपुर-महू से मक्सी तक बढ़ेगी मेट्रो की रफ्तार: विजयवर्गीय

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर मेट्रो की योजना का मूल उद्देश्य शहर के भीतर आवागमन को सुगम करने के साथ ही इंदौर के विस्तार को गति देना और शहर को विकेंद्रित करना था। इसी मूल उद्देश्य को पूरा करने के लिये मेट्रो परियोजना का विस्तार पीथमपुर, महू, देवास-मक्सी और उज्जैन तक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पहला चरण शहर में पूरा होने के बाद दूसरे चरण का काम आगे बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी इसके लिए आवश्यक स्वीकृति प्रदान की है। इसके बाद मेट्रो को पीथमपुर तक ले जाने की योजना है। आगे औद्योगिक क्षेत्रों से होते हुए उज्जैन, अवंतिकापुरी और मक्सी तक इसके विस्तार की परिकल्पना है। मंत्री ने कहा कि अगले 10 से 15 वर्षों तक इंदौर क्षेत्र में मेट्रो का काम लगातार चलता रहेगा। यह एक दीर्घकालिक योजना है, जिसके माध्यम से इंदौर और आसपास के क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी के साथ विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेट्रो का उद्देश्य केवल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि शहर का विकेंद्रीकरण और तेज गति से समग्र विकास करना है।

### अम्बेडकर सेतु की खामियों पर ठेकेदार पर गिरेगी गाज

## डीएलपी में सुधार नहीं करने पर ब्लैकलिस्ट करने का नोटिस, 20% क्षतिपूर्ति के साथ वसूली की तैयारी

### 4.69 करोड़ की मरम्मत निविदा पर हाईकोर्ट की रोक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

लोक निर्माण विभाग ने अम्बेडकर सेतु के निर्माण और संधारण में सामने आई खामियों को लेकर ठेकेदार संस्था के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। फ्लाईओवर की मरम्मत और संधारण पर होने वाला पूरा खर्च संबंधित ठेकेदार संस्था मेसर्स वी.के.एस.सी. इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड से अनुबंध की शर्तों के तहत वसूला जाएगा। इसके साथ ही वास्तविक लागत पर 20 प्रतिशत क्षतिपूर्ति राशि भी वसूल की जाएगी।

गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक निर्मित अम्बेडकर सेतु की खामियों को दूर करने के लिए विभाग ने 4.69 करोड़ रुपए की निविदा जारी की थी। यह राशि विभाग के बजट से नहीं दी जानी थी, बल्कि अनुबंध में तय प्रावधानों के अनुसार ठेकेदार के खर्चे पर काम कराया जाना था। हालांकि, ठेकेदार संस्था ने निविदा प्रक्रिया के खिलाफ मध्यप्रदेश हाईकोर्ट, जबलपुर में याचिका दायर कर दी। कोर्ट ने फिलहाल नई निविदा प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए ठेकेदार को फ्लाईओवर की सभी कमियां दूर करने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण में फ्लाईओवर के ड्रेनेज स्पाउट और वर्षाजल निकासी पाइप चोक एवं क्षतिग्रस्त मिले। इससे बारिश का पानी सड़क पर गिरने के साथ फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड पर जलभराव की स्थिति बनी। एक्सपेंशन जॉइंट से पानी का रिसाव, गड्ढे और पानी रुकने जैसी समस्याएं भी सामने आईं। बियरिंग कोट में भी दोबारा खराबी पाई गई।



### 15 दिन में सुधार के निर्देश, फिर भी नहीं हुआ काम

अम्बेडकर सेतु का निर्माण 31 दिसंबर 2024 को पूरा हुआ था और इसकी दोष दायित्व अवधि 30 दिसंबर 2029 तक है। विभाग ने 31 जुलाई और 11 अगस्त 2026 को ठेकेदार को सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए थे। अनुबंध के अनुसार 15 दिन में कमियां दूर करना जरूरी था, लेकिन निर्धारित समय में काम पूरा नहीं किया गया। संधारण में लापरवाही को लेकर विभाग ने ठेकेदार संस्था को 11 अगस्त 2026 को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। संस्था के जवाब का विभागीय स्तर पर परीक्षण किया जा रहा है। डीएलपी अवधि में विभाग के पास ठेकेदार की परफॉर्मेंस गारंटी भी जमा है, जिसे अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार जब्त कर सुधार कार्य कराया जा सकता है। लोक निर्माण विभाग ने साफ किया है कि खराब और गुणवत्ताहीन निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### सीधी में निर्माणाधीन भवन को मिली 120 सीटों की मान्यता

# नर्सिंग कॉलेज जांच की सीएम से मांग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता को लेकर चल रहे विवाद के बीच सीधी जिले के कुसमी तहसील के भादौरा स्थित आयुष्मान कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज की मान्यता सवालों के घेरे में है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने आरोप लगाया है कि कॉलेज को जिस समय 120 सीटों की मान्यता दी गई, उस दौरान उसका भवन निर्माणाधीन था।




संगठन ने कॉलेज की मान्यता प्रक्रिया, भवन, प्रयोगशालाओं और फैकल्टी के अनुभव प्रमाण-पत्रों की जांच की मांग की है। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने इस संबंध में सीबीआई भोपाल के संयुक्त निदेशक, मुख्यमंत्री और संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायत भेजी है। शिकायत में कॉलेज के स्वामित्व, संचालन, प्रबंधन, मान्यता के लिए प्रस्तुत दस्तावेज और इससे जुड़े लोगों की भूमिका की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की गई है। शिकायत के अनुसार कॉलेज ने बीएससी नर्सिंग की 60 और जीएनएम नर्सिंग की 60, कुल 120 सीटों के लिए मान्यता ली है। आरोप है कि मान्यता प्रक्रिया के दौरान कॉलेज का भवन पूरी तरह तैयार नहीं था। संगठन ने सवाल उठाया है कि यदि निरीक्षण के समय भवन, प्रयोगशालाएं और अन्य जरूरी सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुसार उपलब्ध नहीं थीं, तो निरीक्षण दल ने कॉलेज को मान्यता के योग्य किस आधार पर पाया।

### धारा चार में छह प्रकार की सजाओं का है प्रावधान

# दो साल बाद भी लागू नहीं हुई सामुदायिक सेवा की सजा, बीएनएस में है प्रावधान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू हुए दो साल से अधिक समय हो गया है लेकिन मध्य प्रदेश में इसके तहत सामुदायिक सेवा को दंड के रूप में लागू करने के लिए नियम अब तक अधिसूचित नहीं हो पाए हैं।

नया आपराधिक कानून एक जुलाई, 2024 से प्रभावी हुआ था। इसमें पहली बार सामुदायिक सेवा को सजा के वैधानिक विकल्प के रूप में शामिल किया गया है। केंद्र सरकार ने भी इसे छोटे अपराधों के लिए सुधारात्मक सजा की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव बताया है।

**बीएनएस की धारा चार में छह तरह की सजा का उल्लेख-** बीएनएस की धारा चार में छह तरह की सजा मृत्युदंड, आजीवन कारावास, कारावास, संपत्ति की जब्ती, जुर्माना और सामुदायिक सेवा का उल्लेख है। यानी न्यायालय के पास कुछ अपराधों में दोषी को जेल या जुर्माने के बजाय समुदाय के हित में काम कराने का विकल्प भी है।

बीएनएसएस की धारा 23 में सामुदायिक सेवा का अर्थ ऐसे काम से है, जिसे न्यायालय दोषी से समुदाय के लाभ के लिए करवाने का आदेश दे और जिसके बदले उसे कोई पारिश्रमिक न मिले। कुछ राज्यों ने इससे जुड़े नियम प्रभावी भी हो गए हैं। महाराष्ट्र सरकार ने नवंबर 2025 में इसके नियम अधिसूचित किए हैं।

### छह अपराधों में हो सकती है सामुदायिक सेवा

बीएनएस में सामुदायिक सेवा को छह अपराधों के लिए सजा के रूप में जोड़ा गया है। इनमें लोक सेवक द्वारा अवैध रूप से व्यापार करना (धारा 202), उद्घोषणा के बावजूद अदालत में उपस्थित न होना (धारा 209), किसी लोक सेवक को उसकी वैध शक्ति का प्रयोग करने से रोकने के लिए खुदकुशी का प्रयास (धारा 226), पांच हजार रुपये से कम मूल्य की चोरी का पहली बार अपराध और संपत्ति की वापसी, सार्वजनिक स्थान पर नशे में दुर्व्यवहार (धारा 355) और मानहानि (धारा 356(2)) शामिल हैं। सामुदायिक सेवा का उद्देश्य दोषी से ऐसा काम कराना है, जिससे समाज को लाभ हो और उसे अपने अपराध के प्रति जिम्मेदारी का अहसास हो। इसमें सार्वजनिक स्थानों की सफाई, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक संस्थाओं में सेवा या समुदाय से जुड़े अन्य उपयोगी कार्य जैसे विकल्प हो सकते हैं।

### इटली के काउंसल जनरल पहुंचे शहर

# स्वच्छता में नंबर-1 इंदौर की गूंज अब दुनिया तक

**इंदौर, दोपहर मेट्रो**

देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुका इंदौर अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। दुनिया के विभिन्न देशों से प्रतिनिधिमंडल इंदौर पहुंचकर यहां की स्वच्छता व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और शहरी विकास मॉडल का अध्ययन कर रहे हैं।



इसी क्रम में इटली के काउंसल जनरल वॉल्टर फरेरा विशेष दल के साथ इंदौर पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था और विभिन्न नवाचारों का अवलोकन किया। इस दौरान काउंसल जनरल ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मुलाकात कर इंदौर के विकास मॉडल और भविष्य की परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। महापौर ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि किस तरह जनभागीदारी, आधुनिक तकनीक और बेहतर प्रबंधन के माध्यम से इंदौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। चर्चा के दौरान सौर ऊर्जा, ठोस कचरा प्रबंधन, स्वच्छता व्यवस्था और देश के बड़े सीएनजी प्लांट सहित इंदौर के विभिन्न नवाचारों की जानकारी भी साझा की गई।

**मेट्रो एंकर**

### प्रदेश में कचरे के पहाड़ का होगा सफाया, 30 से अधिक डंपिंग साइटों पर कचरा जमा

# वर्ष 2027 तक हटेगा 12 लाख टन से ज्यादा लीगेसी वेस्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश में वर्षों पुराने कचरे के ढेर आमजन के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रहे हैं। राज्य सरकार ने तय किया है कि वर्ष 2027 तक कचरे के ढेर का शत-प्रतिशत निपटान किया जाएगा। प्रदेश के मुख्य सचिव की ओर से सुप्रीम कोर्ट में इसका हलफनामा भी दिया गया है।

**30 से अधिक डंपिंग साइटों पर 12 लाख टन कचरा-** दरअसल, प्रदेश में वर्षों पुराने लैंडफिल, खुले मैदानों पर बिना किसी वैज्ञानिक प्रबंधन के जमा हुए कचरे के पुराने ढेर हैं। प्रदेश की 30 से अधिक डंपिंग साइटों पर 12 लाख टन से ज्यादा कचरा इकट्ठा होने की जानकारी सामने आई है। सरकार का दावा है कि इसका थर्ड पार्टी सत्यापन भी कराया जा रहा है।



वर्षों से लैंडफिल या अन्य स्थानों पर जमा हो गए कचरे से पर्यावरण पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और इसे प्रतिबंधित करने के लिए बायोरेमेडिएशन, जैव-खनन (बायोमाइनिंग), और स्थिरीकरण जैसी विधियों का उपयोग किया जाता है। यह एक चुनौती है लेकिन इसे संसाधित करके भूमि को पुनः प्राप्त किया जा सकता है। ऐसे में राज्य सरकार ने तय किया कि अगले वर्ष तक शहरों से ऐसे कचरे ढेर साफ किए जाएंगे।

बता दें, जून 2026 तक लीगेसी वेस्ट (वर्षों पुराने कचरे के ढेर) का अनिवार्य रूप से निपटान करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन यह संभव नहीं हो सका। इसके लिए बकायदा निकायों को यह भी घोषणा पत्र देने के निर्देश दिए गए थे कि उनके शहर में लीगेसी वेस्ट नहीं है। अब वर्ष 2027 के अंत तक कचरे के ढेर के निपटान का लक्ष्य रखा गया है।

### एक ओर मप्र के शहर स्वच्छता के सिरमौर

मध्य प्रदेश के शहर स्वच्छता में देश में लगातार नंबर वन बने हुए है। आठ बार से इंदौर सबसे स्वच्छतम शहर बना हुआ है, दूसरे नंबर पर भोपाल है तो निकायों ने भी स्वच्छता में अपनी एक अलग जगह बनाई है। इन सबके बावजूद प्रदेश के शहरों में वर्षों से जमा कचरे का निपटान चुनौती बना हुआ है। यह कचरे का ढेर प्रदेश के स्वच्छता मिशन पर बट्टा लगा रहा है। ऐसे में लीगेसी वेस्ट प्रोजेक्ट को लेकर नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने समस्त आयुक्त एवं संभागीय संयुक्त संचालकों को निर्देशित किया है कि निकाय स्तर पर शत-प्रतिशत स्रोत पृथकीकरण एवं प्रतिदिन संग्रहित होने वाले कचरे का नियमित पूर्ण प्रसंस्करण हो। जिन नगरीय निकायों में लीगेसी वेस्ट डंपसाइट रेमेडिएशन का कार्य प्रगतिरत है। उनकी समीक्षा कर वर्ष 2027 तक कार्य पूर्ण करें।



## स्पेशल ट्रैवल

# समंदर से आसमान तक यादगार हनीमून

## मोहब्बत के सफर में चार रंग

*नई पीढ़ी का कपल चाहता है कि पहला साथ सफर ऐसा हो, जिसमें रोमांस हो, रोमांच हो, प्रकृति हो और ऐसी तस्वीरें हों जो जिंदगी भर कहानी सुनाती रहें। पेरिस और मालदीव जैसे पारंपरिक विकल्पों के साथ अब दुनिया के कुछ ऐसे डेस्टिनेशन भी चर्चा में हैं, जो अपनी अलग खूबसूरती और अनुभव के कारण कपल्स को आकर्षित कर रहे हैं।*

### कपल्स तलाश रहे हैं रोमांस, रोमांच और प्रकृति से भरी दुनिया

शादी के बाद साथ बिताए जाने वाले शुरुआती दिन जिंदगी की उन यादों में शामिल होते हैं, जिन्हें लोग सालों बाद भी मुस्कुराकर याद करते हैं। यही वजह है कि हनीमून अब केवल किसी समुद्र किनारे रिसॉर्ट में दो-चार दिन बिताने का नाम नहीं रह गया है। कल्पना कीजिए–कहीं सामने नीला समुद्र हो, कहीं बर्फ से ढकी धरती, कहीं रात के अंधेरे में आसमान हरे-बैंगनी रोशनी से जगमगा रहा हो और कहीं ज्वालामुखी की आग प्रकृति की ताकत का अहसास करा रही हो। हनीमून की खूबसूरती अब केवल आलीशान होटल के कमरे तक सीमित नहीं है। दुनिया के अलग-अलग हिस्से ऐसे अनुभव दे रहे हैं, जहां कपल एक-दूसरे के साथ समय बिताने के साथ प्रकृति और संस्कृति को भी करीब से महसूस कर सकता है।

### आइसलैंड : जब आसमान खुद प्रेम कहानी लिखे


कुछ जगहें ऐसी होती हैं जिन्हें देखने के बाद तस्वीरें भी उनकी खूबसूरती पूरी तरह बयान नहीं कर पातीं। आइसलैंड उन्हीं जगहों में शामिल है। अगर किसी कपल को शांत वातावरण, प्राकृतिक खूबसूरती और कुछ असाधारण देखने की इच्छा है तो यह जगह खास हो सकती है। आइसलैंड की सबसे बड़ी खासियतों में से एक है नॉर्दन लाइट्स यानी ऑरोरा बोरेलिस। रात के आसमान में हरे, गुलाबी और बैंगनी रंगों की रोशनी का यह प्राकृतिक नजारा किसी फिल्मी दृश्य से कम नहीं लगता। कल्पना कीजिए कि आप दोनों किसी शांत जगह पर खड़े हैं और सिर के ऊपर आसमान रंग बदल रहा है–ऐसा पल हनीमून की यादों में हमेशा के लिए दर्ज हो सकता है।

### आसमान में रंगों की चलती तस्वीर

ऑरोरा बोरेलिस पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों के आसमान में दिखाई देने वाली प्राकृतिक रोशनी है। हरे रंग के साथ गुलाबी, बैंगनी और अन्य रंग भी दिखाई दे सकते हैं। यही वजह है कि आइसलैंड रोमांटिक ट्रैवल की दुनिया में खास आकर्षण रखता है।

### हवाई : समुद्र के साथ जंगल और ज्वालामुखी

अगर आपके लिए हनीमून का मतलब समुद्र किनारे बैठकर सूर्यास्त देखना है, लेकिन आप उससे आगे भी कुछ तलाशना चाहते हैं तो हवाई आपकी पसंद बन सकता है। यहां समुद्र तटों के साथ प्राकृतिक जंगल और ज्वालामुखीय भू-दृश्य यात्रा को अलग पहचान देते हैं। हवाई की रोमांटिक खूबसूरती उसकी विविधता में छिपी है। एक तरफ समुद्र की लहरें हैं तो दूसरी तरफ हरियाली और प्राकृतिक दृश्य। कपल यहां आराम करने के साथ प्रकृति को करीब से महसूस कर सकता है। सक्रिय ज्वालामुखीय क्षेत्र इस यात्रा में रोमांच का तत्व जोड़ते हैं। यानी जिन्हें हनीमून में थोड़ा एडवेंचर भी चाहिए, उनके लिए हवाई सिर्फ समुद्र और रिसॉर्ट की यात्रा नहीं रह जाता। सुबह समुद्र किनारे सैर, दिन में प्राकृतिक स्थलों की खोज और शाम को सूर्यास्त–हवाई का सफर आराम और रोमांच के बीच एक खूबसूरत संतुलन बना सकता है। जो कपल केवल होटल और बीच तक सीमित नहीं रहना चाहते, उनके लिए हवाई बेहतर विकल्प हो सकता है। समुद्र, जंगल और ज्वालामुखीय प्रकृति इसे दूसरे बीच डेस्टिनेशन से अलग बनाती है।



### ग्रीस : इतिहास, समुद्र और प्यार का खूबसूरत मेल

अगर हनीमून में रोमांस के साथ इतिहास और संस्कृति का रंग भी चाहिए तो ग्रीस शानदार विकल्प हो सकता है। दक्षिणी यूरोप का यह देश अपने खूबसूरत समुद्र तटों, ऐतिहासिक स्मारकों, शानदार सूर्योदय और स्वादिष्ट खानपान के लिए जाना जाता है। यहां समुद्र के किनारे शांत पल बिताने से लेकर पुराने शहरों की गलियों में घूमने तक का अनुभव मिलता है। एथेंस का एक्रोपोलिस, अपोलो का मंदिर, मेटियोरा और कॉर्फू का पुराना शहर ऐसे स्थान हैं, जहां घूमना केवल पर्यटन नहीं बल्कि इतिहास के साथ मुलाकात जैसा लगता है। दिन में समुद्र और विरासत की सैर के बाद शाम को ग्रीस की नाइटलाइफ कपल्स को बिल्कुल अलग अनुभव देती है। यानी जोड़े अगर अपने हनीमून में समुद्र के साथ संस्कृति और रोमांच का संतुलन चाहते हैं, उनके लिए ग्रीस एक मजबूत विकल्प है।



### लग्जरी हनीमून का कैरेबियन अंदाज

अगर बजट बड़ी बाधा नहीं है और सपना है कि हनीमून किसी बेहद खूबसूरत कैरेबियन लोकेशन पर हो, तो बहामास आकर्षित कर सकता है। यह डेस्टिनेशन अपेक्षाकृत महंगा माना जाता है, लेकिन इसके समुद्र तट, द्वीपों की खूबसूरती और लग्जरी अनुभव इसे खास बनाते हैं। हार्बर आइलैंड, पिग बीच और पैराडाइज आइलैंड जैसे स्थानों को यात्रा में शामिल किया जा सकता है। समुद्र किनारे आराम करना, सनबाथ लेना और द्वीपों की खूबसूरती देखना इस यात्रा को बेहद रिलैक्सिंग बना सकता है। ऐसे कपल्स के लिए यह विकल्प ज्यादा आकर्षक हो सकता है जो हनीमून को 'स्पेशल ट्रिप' के साथ-साथ लक्जरी अनुभव भी बनाना चाहते हैं। यहां की यात्रा का खर्च डेस्टिनेशन, होटल, मौसम और गतिविधियों के अनुसार काफी बदल सकता है। इसलिए केवल पैकेज की कीमत देखकर फैसला करने के बजाय फ्लाइट, होटल, स्थानीय परिवहन, भोजन और गतिविधियों का पूरा बजट पहले बनाना बेहतर है।

**हनीमून की पहली तैयारी रोमांस नहीं, दस्तावेज हैं :** विदेश में हनीमून की कल्पना जितनी खूबसूरत है, उसकी तैयारी उतनी ही व्यावहारिक होनी चाहिए। यात्रा से पहले पासपोर्ट की वैधता, संबंधित देश की वीजा शर्तें, टिकट, होटल बुकिंग, ट्रैवल इंश्योरेंस और जरूरी दस्तावेजों की जांच कर लेना चाहिए। मूल लेख भी अंतरराष्ट्रीय यात्रा से पहले पासपोर्ट-वीजा और स्थानीय मुद्रा की तैयारी पर जोर देता है।

## जीवन ज्योति

# भौतिक दौड़ बढ़ी, मन की शांति घटती गई

सिस्टर बीके शिवानी
मोटिवेशनल स्पीकर



आज हम जिस समाज में रह रहे हैं, वहां जीवन की सफलता का पैमाना धीरे-धीरे बदल गया है। हमारे पास क्या है, यह ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है; हम भीतर से कैसे हैं, इसकी चिंता कम होती जा रही है। बड़ा घर, महंगी गाड़ी, अच्छा मोबाइल, ब्रांडेड कपड़े और दूसरों से बेहतर दिखाई देने की चाह ने जीवन को एक ऐसी दौड़ बना दिया है, जिसमें मंजिल आने के बाद भी दौड़ खत्म नहीं होती।

सवाल यह नहीं है कि हमारे पास सुविधाएं कितनी हैं। सवाल यह है कि क्या सुविधाओं के बढ़ने के साथ हमारी खुशी भी बढ़ रही है? अगर बाहर की चीजें बढ़ रही हैं और भीतर बेचैनी, तनाव और असंतोष भी बढ़ रहा है, तो कहीं न कहीं हमें रुककर अपने मन को देखना होगा।

जब हम अपने जीवन की तुलना दूसरों से करना शुरू करते हैं, तभी ईर्ष्या जन्म लेती है। किसी के पास नया घर देखकर मन में विचार आता है–हमारे पास क्यों नहीं? कोई नई गाड़ी खरीदता है तो अपनी गाड़ी छोटी लगने लगती है। किसी को पदोन्नति मिलती है तो उसकी सफलता पर खुशी मनाने के बजाय मन पूछता है–उसे क्यों मिली, मुझे क्यों नहीं?

यहीं से भीतर की शांति कम होने लगती है।



दूसरे के पास क्या है, यह हमारे नियंत्रण में नहीं है। लेकिन उसके पास देखकर हमारे मन में कौन-सा विचार पैदा होगा, यह हमारे हाथ में है। अगर किसी की सफलता देखकर मन खुश हो और यह विचार आए कि उसने मेहनत की है, इसलिए उसे सफलता मिली, तो वही सफलता हमारे लिए प्रेरणा बन जाती है। लेकिन अगर वही सफलता हमारे मन में जलन पैदा करे, तो नुकसान सामने वाले का नहीं, हमारा होता है। हमें यह समझना होगा कि हर व्यक्ति की यात्रा अलग है। किसी की सफलता जल्दी दिखाई देती है, किसी की देर से। किसी के जीवन की चमक दिखाई देती है, लेकिन उसके पीछे छिपा संघर्ष दिखाई नहीं देता। इसलिए केवल दूसरों की उपलब्धियां देखकर अपने जीवन को कमतर समझना अपने ही साथ अन्याय है।

भौतिक वस्तुएं बुरी नहीं हैं। अच्छा घर चाहिए, अच्छी गाड़ी चाहिए, बच्चों को अच्छी शिक्षा चाहिए, परिवार को सुविधाएं देना भी जरूरी है। लेकिन इन चीजों को जीवन की खुशी का एकमात्र आधार बना देना सही नहीं है। वस्तुएं हमारे जीवन को आराम दे सकती हैं, लेकिन मन को शांति नहीं दे सकतीं।

आज जरूरत इच्छाओं को खत्म करने की नहीं, बल्कि इच्छाओं पर नियंत्रण रखने की है। जरूरत और लालच के बीच का अंतर समझना होगा। जो मिला है, उसके लिए कृतज्ञता और जो पाना है, उसके लिए पुरुषार्थ–यही संतुलित जीवन है।

किसी दूसरे की खुशी देखकर दुखी होने की बजाय यह सोचिए कि उसकी खुशी में अपनी खुशी कैसे खोजी जा सकती है। किसी की सफलता को अपनी हार मत बनाइए। जीवन कोई प्रतियोगिता नहीं है जिसमें हर व्यक्ति को दूसरे से आगे निकलना ही है।

जिस दिन मन यह स्वीकार कर लेता है कि दूसरे की सफलता मेरी असफलता नहीं है, उसी दिन ईर्ष्या कमजोर पड़ने लगती है। और जिस दिन तुलना समाप्त होती है, उसी दिन भीतर शांति का जन्म शुरू होता है। सच्ची समृद्धि इस बात में नहीं कि हमारे पास कितना अधिक है। सच्ची समृद्धि तब है, जब हमारे पास जो कुछ है, उसके साथ हमारा मन संतुष्ट, शांत और प्रसन्न रह सके।

## सितारों की बात

सप्ताह का राशिफल दिनांक 06 से 12 सितंबर तक



पंडित विष्णु राजौरिया

**मेष :** राशि के जातकों को आगामी सप्ताह में मिश्रित फल होने के योग बने हुए हैं सप्ताह के प्रारंभ के चार दिनों तक उनके कार्यों में मामूली शिथिलता बनी रहेगी, लेकिन सप्ताह के आखिरी के तीन दिनों में उनके कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो जाएंगे। अधिक आयु के जातक अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे उनका शारीरिक पीड़ा कष्ट दे सकती है।

**वृषभ :** राशि के जातकों को आगामी सप्ताह उन्नति कारक एवं धनागम के साधनों में वृद्धि करने के पर्याप्त अवसर प्रदान करेगा यात्रा के माध्यम से अनेक स्थानों का भ्रमण करने का अवसर भी प्राप्त हो सकता है धार्मिक कार्यों में अभिरुचि रखने वाले जातकों कोअपने धार्मिक कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

**मिथुन :** राशि के जातकों को आगामी सप्ताह अत्यंत उत्तम अवसर लेकर आया है, आप इस सप्ताह का पूरा उपयोग करें, और अपने कार्यों में सफलता मिलने से घर परिवार में आनंद का वातावरण बनेगा, प्रती क्षित मांगलिक कार्य के शुभारंभ का योग बन रहा है। धनागम एवं व्यापार संबंधी कार्य सफलतापूर्वक चलेंगे व्यापार में लाभ होने से उन्नति के अवसर बन रहे है।

**कर्क :** राशि के जातक आगामी सप्ताह में विशेष स्थान की यात्रा करने में व्यस्त रह सकते हैं, आवश्यक कार्य संपन्न करने हेतु मांगलिक कार्य की वार्ता हेतु आपको विभिन्न स्थानों की यात्रा करनी होगी। सप्ताह में व्यापार व्यवसाय में उत्तम सफलता प्राप्त होने के संकेत मिल रहे हैं।

सिंह राशि

**सिंह :** राशि के जातक आगामी सप्ताह में सजगता से कार्य करें व्यापार में लेन देन सावधानी से करें,नए लोगों से व्यापार करने में सावधानी विशेष रूप से रखने की आवश्यकता बनी हुई है,शारीरिक दृष्टि से यह सप्ताह कुछ कठिनाई भरा हो सकता है, मानसिक चिंता और उधर विकार कष्ट दे सकते हैं।

**कन्या :** राशि के जातकों को यह सप्ताह मिश्रित फल देने वाला है, प्रारंभिक दिनों में आपको उत्तम सफलताएं प्राप्त होने के संकेत मिल रहे हैं, आपके कार्य क्षेत्र में आपकी प्रगति होगी, नवीन कार्यों के शुभारंभ होने का अवसर भी प्राप्त हो सकता है, लेकिन सप्ताह के अंतिम दो दिनों में अपव्यय खर्च का भार बढ़ सकता है, अत: सावधानी से आर्थिक कार्यों को करने की आवश्यकता रहेगी।

**तुला :** राशि के जातकों का समय अत्यंत अनुकूल रहेगा, सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करने वाली जातकों को एवं अन्य व्यवसाय में लगे हुए जातकों को भी इस सप्ताह में उत्तम योग बने हुए हैं, बड़े पौधे पर बैठे लोगों से संपर्क एवं आपके कार्य क्षेत्र में विस्तार होगा कार्य क्षेत्र में उन्नत होने से आपकी आय के साधन बढ़ेंगे, घर परिवार में उत्साह का वातावरण निर्मित होगा।

**वृश्चिक :** राशि के जातकों को सप्ताह में कुछ कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, आवश्यक होने पर ही यात्रा करें यात्रा में कष्ट आर्थिक कष्ट आपको विचलित कर सकता है, अपनी कीमती वस्तुओं को विशेष सुरक्षित रखने की आवश्यकता बनी रहेगी,साथी किसी भी प्रकार के धोखाधड़ी के शिकार होने से बचने की आवश्यकता बनी हुई है।

**धनु :** राशि के जातकों को यह सप्ताह मिश्रित फल देने वाला है, प्रारंभिक दिनों में कुछ कठिनाई का अनुभव करना पड़ सकता है, चोट चपेट से बचें यात्रा में विशेष सावधानी रखें वाहन चलाने में और किसी ऊंचे स्थान पर जाने में आपको कष्ट हो सकता है, धनागम के साधनों में अवरोध उत्पन्न होंगे व्यापार व्यवसाय में मंदी का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर :** राशि के जातकों को यह सप्ताह उन्नति कारक सिद्ध होगा, आपके अनेक समय से चलने वाले प्रयासों में सफलता प्राप्त होने के संकेत मिल रहे हैं, विशिष्ट जनों से संपर्क स्थापित होने से आपके कार्यों में गतिशीलता आएगी साथी यश और कीर्ति प्राप्त होगी, लेखन के कार्यों में लगे जातकों को यह उत्तम सफलता का समय सिद्ध होने वाला है।

**कुंभ :** राशि के जातकों को अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता बनी हुई है, अत्यधिक परिश्रम करने से कम लाभ होना लेकिन आपकी बौद्धिक स्तर को देखते हुए आप अपने कार्यों को करने में सक्षम रहेंगे, आपसी सामंजस बिठाकर कार्य करने की क्षमता विकसित करने की आवश्यकता बनी हुई है।

**मीन :** राशि के जातक सावधानी से अपने कार्यों को करें, हनुमत आराधना हनुमत स्तोत्र एवं चालीसा का पाठ आपको अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा, अत: प्रत्येक शनिवार इस कार्य को अवश्य करें, व्यापार व्यवसाय में मंदी हाथ पैरों का दर्द अथवा उधर विकार आपको कष्ट कारक सिद्ध हो सकता है, लेकिन हनुमत आराधना से इसका निवारण संभव है।

## दिया कबीरा रोय

घनश्याम मैथिल 'अमृत'
साहित्यकार



# गुरु आखिर गुड़ होकर भी ग्रेट क्यों है...!

'गुरु गुड़ रह गए और चेला शक्कर हो गए ' यह कहावत यानि -गुरु गुड़ और चेला शक्कर, सदियों से सुनते -सुनते जब हमारे कान पक गए तो हमने तनिक विचार किया कि आखिर ऐंसा हुआ क्यों और एक दिन इस चिंतन के फलस्वरूप अचानक हमारे अंदर ज्ञान का संचार हुआ और इस कहावत के असल गूढ़ार्थ पर हमारा ध्यान गया , मैं बार -बार सोचता था कि गुरु जैसा घाघ आदमी आखिर कैसे गुड़ के रूप में पिछड़ा हो गया और उसे टक्कर देकर चेला शक्कर यानी अगड़ा हो गया।

भाई साहब शायद ही आपका ध्यान कभी इस ओर गया हो। जैसा कि कहते हैं - बेटा कितना भी बड़ा हो जाए पर बाप से बड़ा नहीं हो सकता और दूसरी बात गुरु चेले को ज्ञान तो देता है परंतु एक घर यानी ' मास्टर स्ट्रोक ' अपने लिए आपातकाल स्थिति के लिए बचाकर रखता है यानी जैसे ही चेला गुरु बनने की कोशिश करे तो उसे लघु कैसे बनाया जाय यह गुरु गुड़ खूब जानता है यानी गणित का वो फार्मूला जिसमें महत्तम को लघुत्तम में बदला जाता है।




आखिर वो मास्टर ही क्या जो मास्टर प्लान दबाकर न रखे या 'मास्टर -की ' अपने खीसें में सुरक्षित खोंस कर न रखे। अब गुरु जी जानते हैं कि दुनियां गोल है और आखिर लौटकर बुद्धु घर को आते हैं तो फिर चेले की चाल कैसी भी वक्रीय हो वह गुरु के घेरे यानी वृत्त से बाहर नहीं जा सकती ,गुरु गुड़ रहकर भी जानता है कि चेले की पतंग कितनी भी आसमान में उड़ ले पर डोर तो गुरु के हाथ ही रहेगी वो जब चाहे उसे जमीन सुंघा दे अपनी औकात दिखा दे।

अब गुरु गुड़ होकर भूरा -लाल और चेला झक्क सफेद तो चेला क्यों न अपने गोरे रंग पे गुमान करे ,क्यों न अपने धवल रंग पर इठलाए बल खाए, मतलब साफ है चेला थोड़ा सा आगे क्या सरका वह खुद को खुदा के साथ वह अपने को गुरु से भी अधिक मीठा, अधिक प्रभावशाली और अधिक गुणवान ,रूपवान समझने की भूल कर बैठा।

आखिर काल यानि समय एक सा कब रहता है इसमें बदलाव होता रहता है कुछ दिन शक्कर के भाव क्या उछले तो शकरीय चेले सक्रिय होकर गुड़ीय गुरु के सामने उछलने- कूदने लगे लेकिन आज समय ने करवट ली और बाजार ने कहावत की ऐसी खबर ली कि अब गुरु मन ही मन कह रहा है-चेले जमाना मेरे पक्ष में आ गया है।

यानी शक्कर से दूना गुड़ ,पहले घर में जो शक्कर का डिब्बा राजा हुआ करता था उसे कई लोगों ने रसोई से पूरी तरह निकाल दिया और जो गुड़ बेचारा कल तक पिछवाड़े पड़ा रहता था।उसे मुख्य आसन पर विराजित किया है, कल तक चाय में शक्कर, मिठाई में शक्कर, हलवे में शक्कर हर जगह शक्कर का राज था, आज वहीं अब घर ' शुगर फ्री ' जोन बन गए हैं जिस गुड़ को गरीबों की मिठास समझा जाता था।वह अब धनाढ्य घरों की शान है।

अब स्वास्थ्य-जागरूकता ने शक्कर को कठघरे में खड़ा कर दिया है। लोग अपने 'शुगर -लेवल ' को लेकर चिंतित हैं और कहते हैं-शक्कर हटाओ, गुड़ खाओ। जो लोग कभी गुड़ को देखकर नाक-भौं सिकोड़ते थे, वही लोग गुड़ को देख अब मुस्करा रहे हैं और बाजार में पूछ रहे हैं-'भैया, देशी गुड़ का क्या भाव है ?दुकानदार भी अब समझ गए हैं कि ग्राहक की नब्ज और स्वास्थ्य के साथ स्वाद ग्रंथि बदल चुकी है। उसने गुड़ के तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ा दिया है।

अब स्थिति यह है जिस गुड़ यानी गुरु को शक्कर यानी चेले का पिछलग्गू माना जाने लगा था आज वही शक्कर गुड़ के चरण शरण में है और गुरु गुड़ खड़ा-खड़ा मुस्करा रहा है और शक्कर से कह रहा है-', बहुत उड़ लिया। अब जरा मेरी 'ब्रांड वैल्यू 'कीमत देख,और कहेगा गुरु गुड़ चेला शक्कर।

अब चेला थक हार के कहता है - ' मान गए गुरु आप हमसे सीनियर हैं और पुराने जमाने के है ,गन्ने को पेरकर पहले गांव -गांव कड़ाहे में गुड़ ही तो बनाया जाता था यह ससुरी शक्कर के चोंचले तो शहरों में बाद में शुरू हुए हैं। अब गुरु गुड़ ने गर्दन ऐंठकर कहा-' नया नौ दिन पुराना सौ दिन ,इसीलिए तो अब मैं महंगा हूँ। पुरानी चीजों में ही स्वास्थ्य शुद्धता और विश्वास है समझे।

कल तक जिस शक्कर को आधुनिकता और बड़े होने की निशानी समझा जाता था, आज वही स्वास्थ्य के नाम पर संदेह के घेरे में है। और धिक्कार है शक्कर तुझे आज लोग 'सफेद जहर' तक कह रहे हैं यानी तेरे मीठेपन में इतना कड़वापन और वहीं मुझे गरीबों का मीठा और पिछड़ा मानने वाले लोग अब मेरी शरण में हैं और'ऑर्गेनिक', 'नेचुरल' और 'देशी' कहकर बाजार में प्रीमियम भाव पर मेरी तरफ खिंचे चले आ रहे हैं। और अब गुड़ खाएं और गुलगुलों से परहेज़ करें वाली कहावत भी बेचैन है।

गुरु गुड़ सोच रहा है-'देखा बेटा। शकर समय बड़ा बलवान होता है। कल तक तू मुझसे महंगा था, आज लोग तुझे छोड़कर मेरे पास आ रहे हैं।अब चेला शक्कर चुप है। अब आया ऊँट पहाड़ के नीचे सारा घमंड चूर - चूर हो गया। उसे पहली बार समझ में आया कि केवल नया होना ही पर्याप्त नहीं होता। पुराने के दिन भी लौट कर आते हैं। और गुड़ मन ही मन भुनभुना रहा है।और गुरु के गुण गुनगुना रहा है अब गुरु-चेला दोनों बाजार में खड़े हैं। गुरु की कीमत बढ़ गई है और चेला अपनी कीमत बचाने के लिए अपने रंग रूप चाल चरित्र को बदल नए-नए पैकेट में लोगों के बीच आने को छटपटा रहा है। आखिर बाजार भी बड़ा विचित्र गुरु है कब किसे अर्श पर पहुंचा दे किसे फर्श पर कुछ कहा नहीं जा सकता , संत कबीर ने यूं ही थोड़े कहा होगा -गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागूं पांय ,बलिहारी गुरु आपकी गोविंद दियो बताय। ' अब शक्कर रूपी चेले लगभग शांत और मूर्छित अवस्था में थे और गुड रूपी गुरु का प्रभा मंडल जागृत हो दमक रहा था,समझे गुरु गुड़ होकर भी ग्रेट क्यों है।

### वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में मां से बिछड़ी 20 माह की बाघिन अब पूरी तरह स्वस्थ इलाज पूरा वापसी का इंतजार

# मैं छोटी हूं, कमजोर नहीं... अब मुझे जंगल वापस भेज दो

**विशाल रजक। दोपहर मेट्रो**

**तेंदूखेड़ा। मैं** छोटी हूं... लेकिन कमजोर नहीं। मेरी दहाड़ लौट आई है। जिस जंगल से मुझे लाया गया था, अब वहीं लौटना है मुझे फिर जंगल की हवा महसूस करने दो... यह बाघिन की कही हुई बात नहीं, लेकिन उसकी मौजूदा स्थिति शायद यही कहानी कहती है

करीब दो माह पहले वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से मां से अलग होकर बेहद कमजोर हालत में मिली 20 माह की बाघिन को जबलपुर में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के वन्यजीव चिकित्सा केंद्र भेजा गया था जहां उसका इलाज और लगातार निगरानी के बाद अब वह पूरी तरह स्वस्थ हो चुकी है लेकिन अस्पताल से जंगल तक उसका सफर अभी पूरा नहीं हुआ है। करीब 10 दिन पहले विश्वविद्यालय प्रशासन ने वन विभाग को पत्र भेजकर बाघिन के स्वस्थ होने की सूचना दी और उसे ले जाने के लिए कहा। इसके बाद से विश्वविद्यालय जबलपुर को विभाग के जवाब का इंतजार है बाघिन फिलहाल उसी चिकित्सा केंद्र में है, जहां पिछले करीब दो माह से विशेषज्ञ उसकी सेहत पर नजर रख रहे हैं



### अब सवाल सिर्फ इलाज का नहीं, जंगल में वापसी का

स्वस्थ होने के बाद भी बाघिन को सीधे जंगल में छोड़ देना आसान फैसला नहीं होगा करीब दो माह वन क्षेत्र से बाहर रहने के बाद उसके प्राकृतिक व्यवहार, शिकार करने की क्षमता, भोजन तलाशने और जंगल में खुद को सुरक्षित रखने की क्षमता का आकलन जरूरी होगा

वन विभाग को यह भी तय करना होगा कि उसे वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वापस छोड़ा जाए, जहां से उसका रेस्क्यू किया गया था या आगे की प्रक्रिया के लिए किसी उपयुक्त स्थान पर भेजा जाए विवि प्रशासन का कहना है कि बाघिन अब चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ है और उसे लंबे समय तक चिकित्सा केंद्र में रखने का कोई चिकित्सकीय कारण नहीं है इसी आधार पर करीब 10 दिन पहले वन विभाग को पत्र भेजकर उसे ले जाने की सूचना दी गई। फिलहाल सेंटर में उसकी नियमित निगरानी की जा रही है।

### टाइगर रिजर्व में गंभीर हालत में मिली थी बाघिन

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व ( नौरादेही अभयारण्य ) से इस बाघिन को गंभीर हालत में रेस्क्यू कर जबलपुर स्थित एसडब्ल्यूएफएचएस सेंटर 9 जुलाई को भेजा गया था। बाघिन की उम्र डेढ़ साल की थी। बाघिन अपने परिवार से बिछड़कर जंगल में अकेली भटक गई थी। लंबे समय तक भोजन और पानी नहीं मिलने के कारण वह कमजोर हो गई थी जिससे भोजन करने में असमर्थ थी। गश्त के दौरान बीट गार्ड को यह बाघिन गंभीर स्थिति में मिली थी। वन विभाग ने बाघिन का रेस्क्यू कर उसे उपचार के लिए वाइल्डलाइफ हेल्थ सेंटर जबलपुर पहुंचाया था अब वह पूरी तरह से स्वस्थ्य है।

### मुख्यालय से मांगा मार्गदर्शन

जबलपुर से वन्यजीव स्वास्थ्य केंद्र के निदेशक डॉ. आरके शर्मा ने बताया कि बाघिन के उपचार और वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट भोपाल मुख्यालय को भेज दी गई है पीसीसीएफ कार्यालय से विधिवत अनुमति आदेश मिलने के बाद ही उसे नौरादेही अभयारण्य वापस भेजा जा सकेगा। केंद्र निदेशक डॉ. आरके शर्मा के अनुसार मुख्यालय को लिखित रिपोर्ट भेजकर तत्काल मार्गदर्शन मांगा गया है।

### गंभीर जैविक जोखिमों से इसे सुरक्षित रखा जा सके

डाक्टरों की टीम ने रोजाना के खान-पान, रक्त जांच और शारीरिक गतिविधियों पर चौबीसों घंटे पैनी नजर रखी गई है जिसके सकारात्मक परिणाम स्वरूप यह पूरी तरह निरोग हो सकी। अपनी कठिन तपस्या को सफल देख अब पूरा चिकित्सा अमला चाहता है कि बाघिन अपनी मूल दुनिया यानी खुले जंगल में सम्मानपूर्वक विदा हो जाए।

## न्यूज विंडो

### बाइक की टक्कर बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल इलाज के बाद जबलपुर रेफर



**तेंदूखेड़ा।** शनिवार को तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेजगढ़ तेंदूखेड़ा मार्ग पर स्थित ग्राम सांगा में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की चपेट में आने से 78 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया हादसे में उनका एक पैर टूट गया, जबकि सिर में भी गंभीर चोट आई है। घायल को उपचार के लिए तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां से जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार रामनाथ शर्मा पिता परमलाल शर्मा 78 वर्ष निवासी हर्रई थाना तेजगढ़ है जो त्योहारों के बाद गांव-गांव जाकर दान मांगते हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद वे ग्राम सांगा में दान मांगने गए थे। इसी दौरान सड़क किनारे पैदल जा रहे रामनाथ शर्मा को सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी बाइक क्रमांक एमपी 34 जेड ए 0526 ने टक्कर लगने से वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेंदूखेड़ा से लौट रहे ठाकुर हीरा सिंह नेताजी ने दुर्घटना देखी और तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी ग्रामीणों के मुताबिक एंबुलेंस के पहुंचने में देरी होने पर घायल के पुत्र ने किराए की बोलेरो से उन्हें तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया बाद में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस का वाहन भी मौके पर पहुंचा घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया।

### साक्षरता की अलख जगा रहे अक्षर साथी कमलेश साहू हुए सम्मानित



**नरसिंहपुर।** शिक्षा केवल विद्यालय की चारदीवारी तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक ज्ञान की रोशनी पहुंचाना भी शिक्षक और समाज की साझा जिम्मेदारी है। इसी भावना को साकार करते हुए पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर संकुल अंतर्गत एकीकृत शासकीय हाई स्कूल नयाखेड़ा में साक्षरता पखवाड़ा के दौरान शिक्षक दिवस पर अक्षर साथी कमलेश साहू को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अक्षर साथी साहू द्वारा सामाजिक चेतना केंद्र के संचालन के साथ असाक्षरों के सर्वे कार्य में निःशुल्क सहयोग किया जा रहा है। साक्षरता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और असाक्षरों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के उनके समर्पित प्रयासों को देखते हुए संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य श्रीमती विनीता पांडे ने उन्हें डिजिटल प्रशस्ति प्रमाण पत्र , श्रीफल, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### आंगनबाड़ी में गूंजे नंद घर आनंद भयो के जयकारे, कान्हा बने नन्हे-मुन्ने



**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 के श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केंद्र में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अर्चना लोधी ने केंद्र के बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण और माता राधा की मनमोहक वेशभूषा में तैयार किया था। पीले वस्त्र, सिर पर मोरपंख, हाथों में बांसुरी लिए छोटे-छोटे बच्चे साक्षात कान्हा के बाल स्वरूप की याद दिला रहे थे। वहीं लड़कियां राधा रानी के रूप में बेहद आकर्षक लग रही थीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी प्रेरक कहानियां सुनाई गईं और त्योहार के सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी गई। नन्हे-मुन्नों ने भजनों पर नृत्य और डांडिया रास की सुंदर प्रस्तुतियां देकर केंद्र का माहौल पूरी तरह से कृष्णमय कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित बच्चों और उनके अभिभावकों को माखन-मिश्री एवं पौष्टिक प्रसाद का वितरण किया गया। इस मनोरम आयोजन की वार्डवासियों और बच्चों के माता-पिता ने काफी सराहना की।

### हथियार अड़ाकर लूटी थी चांदी, अन्य मामले में पकड़े गए आरोपियों से खुला राज

# फालिया दिखाकर चांदी की तागली लूटने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली। दोपहर मेट्रो**

धार। थाना पुलिस ने 1 मई 2026 को बाग-टांडा रोड पर आगर घाटी मोड़ के पास हुई लूट की वारदातों का पर्दाफाश कर दिया है, पुलिस ने वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गई चांदी की तागली, घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और एक फालिया जब्त किया है।

हथियार अड़ाकर की थी लूटपाट

मामला 1 मई 2026 का है, जब ढीलवानी स्कूलपुरा निवासी फरियादी भंगु पिता जामसिंह पचाहा अपने बेटे के साथ रिंगनोद से गिरवी रखी चांदी छुड़ाकर बाइक से घर लौट रहे थे। सुबह करीब 10.30 बजे आगर घाटी मोड़ पर दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए चार बदमाशों ने उनकी गाड़ी रुकवा ली। आरोपियों ने फरियादी को फालिया अड़ाकर लाल रंग की थैली छीन ली, जिसमें दो चांदी की तागली रखी हुई थीं। फरियादी के जमाई भेरु के बीच-बचाव करने पर आरोपियों ने उन्हें भी फालिया दिखाकर डराया और फरार हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बाग में मामला दर्ज किया गया था।



### अन्य मामले में पकड़े गए आरोपियों से खुला राज

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर और एसडीओपी सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन में बाग थाना प्रभारी निरीक्षक हिरु सिंह रावत के नेतृत्व में टीम गठित की गई। अमझेरा थाने के एक अन्य अपराध में गिरफ्तार आरोपी समीर निवासी कुडूझेता और संजय निवासी नाहवेल से जब पूछताछ की गई, तो उन्होंने बाग रोड पर हुई इस लूट को स्वीकार किया।

### आलिराजपुर जेल में बंद था तीसरा आरोपी

आरोपियों के बयानों के आधार पर अलीराजपुर जेल में बंद तीसरे आरोपी महेंद्र निवासी नाहवेल को बाग पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की, जिसने भी अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई चांदी की तागली और प्रयुक्त फालिया व बाइक जब्त कर ली है। पकड़े गए तीनों आरोपियों को आज न्यायालय कुक्षी के समक्ष पेश किया जा रहा है, वहीं प्रकरण के चौथे फरार आरोपी की तलाश जारी है। सराहनीय कार्रवाई में निरीक्षक हिरु सिंह रावत, सउनि दशरथ चौहान, प्रआर. रेलम सिंह भिणडे, भाव सिंह, कैलाश गेहलोत तथा आरक्षक दुर्गेश, राजु, लाल सिंह, विनोद, सुरेश, अर्जुन, मुकेश, भुर सिंह एवं विजय की विशेष भूमिका रही।

## बच्चों को तराशकर भविष्य बनाने वाले शिल्पकार होते हैं शिक्षक : कलेक्टर सोमेश मिश्रा

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

शिक्षक दिवस के अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला एसपीएम पहुंचकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के जीवन को संवारने में गुरुजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य का निर्माण भी करते हैं। कलेक्टर ने शिक्षकों की भूमिका को शिल्पकार से जोड़ते हुए कहा कि जिस तरह एक शिल्पकार मिट्टी को तराशकर उसमें से कमियां दूर कर सुंदर आकार देता है, उसी प्रकार बच्चे भी विद्यालय में एक अनगढ़ रूप में आते हैं। शिक्षकों का दायित्व है कि वे बच्चों को ज्ञान, संस्कार और योग्यताओं से परिपूर्ण बनाकर समाज और देश के लिए तैयार करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही किसी शिक्षक के लिए सबसे बड़ी गुरु दक्षिणा है। जब विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर जीवन में सफलता हासिल करते हैं और अपने गुरुजनों को कृतज्ञता के साथ याद करते हैं, तभी शिक्षक की भूमिका सार्थक होती है।



### ज्ञानार्पण के तहत बच्चों को मिले बेंच-डेस्क

शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले में संचालित प्रोजेक्ट ज्ञानार्पण के तहत प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला एसपीएम में विद्यार्थियों के लिए बेंच एवं डेस्क प्रदान किए गए। नए फर्नीचर मिलने से विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बच्चों ने तालियां बजाकर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, लक्ष्मण सिंह बैंस, आरती बैंस सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों का अभिवादन किया। इस अवसर पर दिव्यांग विद्यार्थियों ने सांकेतिक भाषा के माध्यम से कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय में सामाजिक कल्याण के उद्देश्य से दान किए गए बेंच-डेस्क विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाने पर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, फरार हुआ चालक

**धार। दोपहर मेट्रो**

मनावर के खलघाट मार्ग पर डाक बंगले के समीप शनिवार शाम तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से अजंदीमान निवासी रंजीत नामक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रंजीत अपने बच्चे के साथ बाइक पर सवार होकर गांव लौट रहा था। तभी डाक बंगले के पास अनियंत्रित ट्रेलर जीजे 06 बीवाय 2052 ) ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

ट्रेलर का पिछला पहिया सिर से गुजरने के कारण युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गया। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम ने शव को सेल्दा मार्ग स्थित सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मनावर पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



स्थानीय नागरिकों का कहना है कि डाक बंगले के सामने सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण मार्ग संकरा हो गया है। इससे यहां आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। नागरिकों ने सड़क से अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की है। स्थानीय लोगो ने बताया कि गांधी चौराहे से खलघाट, सिंघाना और धार रोड तक सड़कों की चौड़ाई पर्याप्त होने के बावजूद अस्थाई दुकानों और फल-सब्जी के ठेलों का कब्जा है। नगर का दिल कहे जाने वाले गांधी चौराहे पर अव्यवस्थित पार्किंग और दुकानों की वजह से हर समय जाम और दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है।

**मेट्रो एंकर** राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुतियों से भक्तिमय हुआ माहौल, मटकी फोड़ प्रतियोगिता ने बढ़ाया उत्साह

# जन्माष्टमी पर ग्वालटोली में दिखा वृंदावन धाम जैसा नजारा

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर शहर कृष्ण भक्ति में रंगा नजर आया। मंदिरों में सुबह से पूजन-अभिषेक के साथ धार्मिक आयोजन हुए। जगह-जगह श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित झांकियां सजाई गईं। नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण और कान्हा की वेशभूषा में नजर आए। भंडारों और धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

ग्वालटोली क्षेत्र में प्राचीन काली मंदिर एवं राधा-कृष्ण मंदिर परिसर के समीप जन्माष्टमी पर विशेष आयोजन किया गया। यहां भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के साथ मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम में दादा गुरु महाराज, नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन



शर्मा, लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव और कलेक्टर सोमेश मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यक्रम में अतिथियों ने मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद लिया। इसके बाद राधा-कृष्ण की वेशभूषा में कलाकारों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता शुरू होते ही युवाओं और श्रद्धालुओं में उत्साह देखने लायक रहा।

**दादा गुरु बोले- पौधे लगाना ही नहीं, वृक्ष बनने तक करें संरक्षण... :** दादा गुरु महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके संदेशों का स्मरण करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण ने मानव समाज को धर्म, सत्य, कर्तव्य और सेवा का मार्ग दिखाया। उनका जीवन प्रकृति, गौ माता और सभी जीव-जंतुओं के प्रति करुणा एवं संरक्षण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण और गौ सेवा को प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने तुलसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसी धार्मिक दृष्टि से पूजनीय होने के साथ पर्यावरण और मानव जीवन के लिए भी उपयोगी है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना भी सामूहिक जिम्मेदारी है। जन्माष्टमी के दौरान ग्वालटोली में राधा-कृष्ण की प्रस्तुतियों, झांकियों और मटकी फोड़ आयोजन ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय कर दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम का आनंद लिया। आयोजन के दौरान ग्वालटोली में ऐसा दृश्य नजर आया, मानो नर्मदापुरम में ही मथुरा-वृंदावन धाम साकार हो उठा हो।

### 25 यात्रियों की जान पर बन आई, ड्राइवर कुछ कर पाता, आग फैल चुकी थी

# ग्वालियर से भोपाल आ रही स्लीपर बस में चिंगारी से लगी आग, कूदकर बचे यात्री

**ग्वालियर। दोपहर मेट्रो**

ग्वालियर के गोहद से भोपाल जा रही शरद ट्रेवल्स की एसी स्लीपर बस शनिवार को विवेकानंद चौराहे (चेतकपुरी के पास) पर अचानक आग का गोला बन गई। बस में 25 यात्री सवार थे। धुआं और लपटें उठते ही अंदर चीख-पुकार मच गई। बचने के लिए यात्रियों ने मुक्कों से खिड़कियों के कांच तोड़े और कूद कर जान बचाई। गेट से भागने के चक्कर में एक बच्चा और दो महिलाएं गिर पड़ीं। यात्री उन्हें रौंदते हुए निकले। एक यात्री बस में अंदर ही धुएं में फंसकर बेसुध हो गया। उन्हें एक दूसरे युवा यात्री ने साहस दिखाकर लपटों के बीच में घुसकर सुरक्षित बाहर निकाला। दमकल की 3 गाड़ियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यात्रियों की तत्परता से बड़ा जानी नुकसान टल गया। हादसे के समय बस में सवार एक बुजुर्ग यात्री, जो हार्ट पेशेंट थे, जहरीले धुएं के कारण बेहोश हो गए। मौके पर ही सीपीआर (सीपीआर) दिया। इसके बाद एम्बुलेंस की मदद से उन्हें तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया,





## बस में इलेक्ट्रिक व्हीकल भी ले जाई जा रही थी

बस के अंदर आग लगने पर यात्री अपना सामान नहीं उठा पाए। स्लीपर पर रखा छोड़ दिया, जिससे सामान जल गया। इसके अलावा बस के केबिन में ईवी स्कूटर भी रखा हुआ था। आग बुझने के बाद माल लोड करने वाला केबिन खोला गया, तब इसका पता चला। जबकि बसों में इस तरह के सामान नहीं ले जाए जा सकते।

## चिंगारी उठी और महज 10 मिनट में ही बस जलकर खाक हो गई

बस एमपी 07 पी 2099 गोहद से आई। सरकारी बस स्टैंड पर भोपाल के यात्री भी सवार हुए। स्टैंड से करीब 3.5 किलोमीटर आगे विवेकानंद चौराहे रात 9:40 बजे पहुंचते ही बैटरी कंपार्टमेंट के पास से हल्का धुआं उठा। चिंगारी निकली तो ड्राइवर ने यात्रियों से कहा, छोटी सी चिंगारी है, दो मिनट में बुझा देता हूं। लेकिन जब तक वह कुछ कर पाता, करता, अगले दो मिनट में बस के अंदर धुआं भर गया। सांस फूलने पर यात्रियों ने घबराकर इमरजेंसी में खिड़कियों पर घूंसे मारकर शीशे तोड़े। देखते ही देखते 10 मिनट के भीतर पूरी बस आग के गोले में तब्दील हो गई। चश्मदीदों के मुताबिक बैटरी से जो चिंगारी उठी, उसी से बस में आग लगी। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सोचने का वक्त ही नहीं मिला: चश्मदीद

यात्री शैलेंद्र सक्सेना ने बताया कि मैं उज्जैन जा रहा था। सरकारी बस स्टैंड से बस सिर्फ साढ़े तीन किमी की आगे बढ़ी थी कि बैटरी के पास से धुआं उठने लगा। यदि यात्री खुद सतर्कता दिखाकर शीशे तोड़कर नीचे नहीं कूदते, तो किसी को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिलता। चालक दो मिनट में आग बुझाने की कह रहे थे। वहीं, यात्री हनुमंत ने बताया कि मुझे ब्यावरा जाना था। अचानक बस में धुआं भरने से अंदर सांस लेना मुश्किल हो गया था। सभी यात्री घबराए गए थे। जिसे जहां से मौका मिला, वहीं से भागने की कोशिश की। पीछे की स्लीपर सीट पर एक यात्री बेहोश हो गया था। गनीमत रही कि समय रहते उसे कंधे पर उठाकर बाहर निकाला गया। नहीं तो वह जल जाता।

# शिक्षक दिवस पर एम.आई.एम.टी. कॉलेज में हुआ गरिमामय आयोजन




**नरसिंहपुर। दोपहर मेट्रो**

देश के वरिष्ठ शिक्षाविद एवं भारत के राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर 5 सितंबर को एम.आई.एम.टी. कालेज नरसिंहपुर में प्रतिवर्षानुसार छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा समस्त स्टाफ मेम्बर्स का भावभीना स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एम.आई.एम.टी. के चेयरमैन इंजी रुद्रेश तिवारी के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग की अध्यक्षता, एड. रचित तिवारी, डायरेक्टर एम.आई.एम.टी. लॉ कॉलेज के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। मुख्य अतिथि इंजी. तिवारी ने महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये शिक्षक दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने की बात पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग द्वारा प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा का उल्लेख करते हुए ऋषि-मुनियों से प्रेरणा लेकर सुसंस्कारित समाज निर्माण की बात पर बल दिया गया। विशिष्ट अतिथि एड. तिवारी ने तकनीकी संसाधनों की उपयोगिता पर बल देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व कार्यक्रम कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती पूजन एवं डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। छात्रा शुभी नेमा द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा एकल नृत्य, युगल नृत्य, गायन तथा समूह नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी गई।

# बम्हौरी स्कूल में गायत्री परिवार ने दिए जीवन मंत्र, सकारात्मक सोच का पाठ



**तेंदूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**

शिक्षक दिवस के अवसर पर पीएम श्री शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला बम्हौरी पाँजी मै विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार हरिद्वार से पधारे आचार्य गणो ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों के साथ ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बातें साझा कीं। उन्होंने बच्चों को जीवन में शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार, अनुशासन, सकारात्मक सोच एवं नियमित दिनचर्या के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान आचार्य ने विद्यार्थियों को गायत्री मंत्र का जाप कराया तथा गायत्री माँ की उपासना और मंत्र जाप से मन एवं विचारों पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सकारात्मक विचार, आत्मविश्वास और नियमित दिनचर्या व्यक्ति के जीवन को बेहतर दिशा प्रदान करते हैं। विद्यार्थियों को प्रतिदिन समय पर उठने, पढ़ाई करने, अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने तथा जीवन में अच्छे कार्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# स्वतंत्रता सेनानी विचित्र सिन्हा के नाम पर होगा मार्ग



**नर्मदापुरम।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार, पत्रकार, कवि, लेखक, चित्रकार एवं समाजसेवी स्व. विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति को अब शहर में स्थायी पहचान मिली है। शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को नर्मदा महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस सभागार में आयोजित स्मृति समारोह के बाद महाविद्यालय के सामने से सर्किट हाउस तक के मार्ग का नामकरण 'विचित्र कुमार सिन्हा मार्ग' किया गया। अतिथियों ने मार्ग की नाम पट्टिका का लोकार्पण किया।

# आइपीएस इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस



**उमरिया। दोपहर मेट्रो**

जिले की प्रतिष्ठित आई. पी. एस. इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। शिक्षक दिवस में बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम, डिबेट प्रतियोगिता तथा एस.एल.सी. स्टूडेंट लेड कॉन्फ्रेंस सिंगापुर टीचिंग मैथड कार्यक्रम संचालित किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। एस एल सी में क्लास नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थी पार्टिसिपेट किए थे, जिसमें उन्हें टीचर द्वारा दिया गया कोई भी सब्जेक्ट व कोई भी टॉपिक तैयार करके कॉंफ्रेंस में पार्टिसिपेट करना था। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती, भारत माता, डॉ? सर्वपल्ली राधा कृष्णन के छाया चित्र पर फूल माला अर्पित कर प्रोग्राम प्रारंभ किया गया। आई. पी. एस. विद्यालय द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह किया गया।

# जन्माष्टमी-शिक्षक दिवस की धूम, मटकी फोड़ में प्रियंका रहीं अव्वल



**तेंदूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**

शासकीय महाविद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री शंकर सिंह ठाकुर ने की। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गायन, वादन एवं नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार से पधारे गुरुजनों ने अपने उद्बोधन में भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। वहीं शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार एवं जीवन में सफलता प्राप्त करने संबंधी ज्ञानवर्धक विचारों से अवगत कराया गया। आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता में कु. प्रियंका लोधी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में कु. काजल पाल एवं उनके साथियों ने प्रथम स्थान हासिल किया। भजन कार्यक्रम में हर्ष यादव एवं उनके साथियों ने श्रीकृष्ण के भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित छात्र-छात्राओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने सहयोग प्रदान कर आयोजन को सफल बनाया।

# डीसी मॉल में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी मटकी फोड़ स्पर्धा में युवाओं ने दिखाया उत्साह

**गंजबासोदा। दोपहर मेट्रो**

ड्रीम सिटी कॉलोनी स्थित डीसी मॉल में रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष लकी ड्रॉ कूपन योजना का परिणाम भव्य समारोह के बीच घोषित किया गया। इस अवसर पर मॉल परिसर में भारी संख्या में क्षेत्रवासी और ग्राहक उपस्थित रहे। मॉल प्रबंधन द्वारा त्योहारों के उपलक्ष्य में किसी भी दुकान से न्यूनतम 200 रूपये की खरीदारी पर ग्राहकों को निशुल्क लकी ड्रॉ कूपन उपलब्ध कराए गए थे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पारदर्शी तरीके से कूपन निकाले गए। जिनमें लकी ड्रॉ के विजेताओं में मोहन सिंह, जितेंद्र रघुवंशी, सावी निषाद, योगिता शर्मा, वेद सिंह, प्रशांत कुमार, शारदा आंटी, अंकित विश्वकर्मा एवं देव रघुवंशी शामिल




रहे। सभी भाग्यशाली विजेताओं को सुंदर मंदिर, गैस चूल्हा, डिनर सेट, ट्रॉली बैग, स्मार्ट वॉच, मिक्सर ग्राइंडर, इलेक्ट्रिक केतली, प्रेस एवं स्कूल बैग जैसे आकर्षक उपहार भेंट किए गए। साथ ही जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में मॉल परिसर में पारंपरिक 'मटकी फोड़ प्रतियोगिता' का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रोमांचक मुकाबले में आरव सेन एवं लक्की रघुवंशी ने मटकी फोड़कर प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में डीसी मॉल के मैनेजर अमित कुशवाह ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं और पुरस्कार वितरण किया।

मैनेजर अमित कुशवाह ने सभी नगरवासियों और ग्राहकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ड्रीम सिटी एवं डीसी मॉल परिवार भविष्य में भी ग्राहकों के उत्साहवर्धन के लिए ऐसे विशेष आयोजन और आकर्षक योजनाएं लाता रहेगा।

# शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान



**तेदूखेड़ा।** पीएमश्री शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला बम्हौरी पांजी में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक तेजी सिंह ठाकुर एवं के. सी. सेन का पुष्पगुच्छ एवं शालश्रीफल भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ शिक्षकों ने अपने शिक्षकीय जीवन के अनुभव बच्चों के साथ साझा किए तथा शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। सेवानिवृत्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बच्चों को निर्भीक होकर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने तथा मन लगाकर पढ़ाई-लिखाई करने का आह्वान किया।

# छात्राओं ने किया शिक्षकों का सम्मान



**नरसिंहपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर एकीकृत शासकीय हाई स्कूल नयाखेड़ा गरगटा में प्राचार्य श्रीमती विनीता पांडे एवं शाला परिवार की उपस्थिति में छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षकों का पुष्प गुच्छ से स्वागत एवं प्राचार्य श्रीमती पांडे द्वारा सभी शिक्षकों का स्मृति भेंट एवं श्रीफल देकर उत्साहवर्धन कियाएवं छात्र छात्राओं को टॉफी का वितरण किया गया।

**मेट्रो एंकर** | जन्मदिवस पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को किया नमन, मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी बोले-

# शिक्षकों के सम्मान से ही राष्ट्र निर्माण की नींव होती है मजबूत

**तेंदूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**

शिक्षक दिवस के अवसर पर मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के नोहटा निवास पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंत्री लोधी ने विधानसभा क्षेत्र के सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में उत्कृष्ट कार्य कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का बारी-बारी से स्वागत एवं सम्मान किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि शिक्षकों के प्रति सदैव मेरे हृदय में सम्मान का भाव रहा है। इसका एक प्रमुख कारण यह भी है कि मेरे पूज्य पिता श्री भावसिंह लोधी जी भी शिक्षक रहे हैं। मैंने अपने जीवन में देखा है कि शिक्षक न केवल बच्चों को शिक्षा देकर उनका भविष्य संवारते हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



उन्होंने कहा कि शिक्षक स्वयं कठिन परिश्रम करते हुए बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रेरित करते हैं और अपने परिवार के बच्चों को भी शिक्षित एवं संस्कारित बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। शिक्षक ही आने वाली पीढ़ी को दिशा और संस्कार देने का कार्य करते हैं।

मंत्री लोधी ने कहा कि बच्चे मिट्टी के समान होते हैं, उन्हें जिस प्रकार ढाला जाए, वे उसी रूप में आकार लेते हैं। इसलिए बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। एक योग्य और समर्पित शिक्षक ही बच्चों को बेहतर नागरिक बनाकर देश, समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए तैयार करता है।

उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा देने का कार्य नहीं करते, बल्कि वे समाज को नई दिशा देने और राष्ट्र के भविष्य को गढ़ने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। ऐसे सभी शिक्षकों एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले व्यक्तियों के प्रति सदैव सम्मान और कृतज्ञता का भाव रहना चाहिए। कार्यक्रम के मंत्री अनुज ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल

निविदा सूचना 13 वर्ष 2025-26 — भोपाल, दिनांक 31/08/2026

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 2026_ PWDRB_ 532885_1 | जेल उपसंभाग क्रमांक-2 के अनुभाग क्रमांक-1 के अंतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत विशेष मरम्मत कार्य। | प्रथम | 50.00 |
| 2 | 2026_PWDRB_ 532886_1 | जेल उपसंभाग क्रमांक-2 के अनुभाग क्रमांक-1 के अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों में फिनिशिंग वर्क एवं पेंटिंग वर्क का कार्य। | प्रथम | 40.00 |
| 3 | 2026_PWDRB_ 532887_1 | जेल उपसंभाग क्रमांक-2 के अनुभाग क्रमांक-1 के अंतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों में जल अवरोधक कार्य। | प्रथम | 50.00 |
| 4 | 2026_PWDRB_ 532890_1 | जेल उपसंभाग क्रमांक-2 के अनुभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत विशेष मरम्मत कार्य। | प्रथम | 50.00 |
| 5 | 2026_PWDRB_ 532891_1 | जेल उपसंभाग क्रमांक-2 के अनुभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों में फिनिशिंग वर्क एवं पेंटिग वर्क का कार्य। | प्रथम | 40.00 |
| 6 | 2026_PWDRB_ 532893_1 | जेल उपसंभाग क्रमांक-2 के अनुभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों में जल अवरोधक कार्य। | प्रथम | 50.00 |
| 7 | 2026_PWDRB_ 532894_1 | जेल उपसंभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर कानून व्यवस्था हेतु बेरिकेटिंग का कार्य। | प्रथम | 50.00 |
| 8 | 2026_PWDRB_ 532896_1 | जेल उपसंभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर अतिविशिष्ट व्यक्तियों के आगमन एवं आकस्मिक कार्य। | प्रथम | 150.00 |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 18/09/2026 जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी-18210/26

कार्यपालन यंत्री,
लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल

## यूएस ओपन में अनोखा वाकया

# कोर्ट पर टेनिस, स्टैंड्स से गांजे की गंध ने रोका खेल

**न्यूयॉर्क।** यूएस ओपन के मुकाबले में दुनिया की नंबर-1 महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को उस समय अजीब स्थिति का सामना करना पड़ा, जब दर्शक दीर्घा से आ रही तेज गांजे की गंध के कारण उन्हें खेल रोककर चेयर अंपायर से शिकायत करनी पड़ी। लुइस आर्मस्ट्रॉन्ग स्टेडियम में कामिला राखिमोवा के खिलाफ तीसरे दौर का मुकाबला खेल रही सबालेंका को मैच के तीसरे गेम में स्टैंड्स से मारिजुआना की तेज गंध महसूस हुई।

**सबालेंका की शिकायत पर मची अफरा-तफरी**



### सर्विस के बीच अंपायर से बोलीं- कोई गांजा पी रहा है

घटना उस समय हुई जब सबालेंका सर्विस कर रही थीं और स्कोर 30-0 था। कोर्ट के दक्षिणी छोर से सर्विस करते हुए अचानक उन्होंने चेयर अंपायर का ध्यान स्टैंड्स की ओर खींचा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, 'कोई गांजा पी रहा है।' इसके बाद सबालेंका ने अंपायर से मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। उनका कहना था कि गंध इतनी तेज थी कि खेल पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो रहा था। उन्होंने कहा कि क्या इस मामले में कुछ किया जा सकता है, क्योंकि गंध बेहद तेज है। सबालेंका की शिकायत के तुरंत बाद चेयर अंपायर ने स्टेडियम के कर्मचारियों को बुलाया। यूएस ओपन के स्टाफ ने दर्शक दीर्घा में जाकर गंध के स्रोत का पता लगाने की कोशिश की। इस पूरी प्रक्रिया के चलते मुकाबला कुछ देर के लिए बाधित रहा। स्थिति को संभालने के बाद मैच दोबारा शुरू किया गया।

## हरमनप्रीत की ऐतिहासिक उपलब्धि

# कप्तान के तौर पर 150 टी20 खेलने वाली पहली क्रिकेटर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। हरमनप्रीत कप्तान के तौर पर 150 टी20 खेलने वाली पहली खिलाड़ी हैं। पुरुष या महिला क्रिकेट में कोई भी खिलाड़ी अब तक ये मुकाम अपने नाम दर्ज नहीं कर सका है। हरमनप्रीत ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान यह कीर्तिमान अपने नाम किया।

पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। हरमनप्रीत ने इस मुकाबले के लिए प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया है। हरमनप्रीत ने टॉस के दौरान कहा कि वह लक्ष्य का पीछा करने से खुश हैं क्योंकि टीम के गेंदबाज शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वहीं, पाकिस्तान ने भी इस मैच के लिए प्लेइंग-11 में बदलाव नहीं किया। हरमनप्रीत से कप्तान के तौर पर 150 टी20 खेलने की उपलब्धि के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा, हां, यह बड़ी उपलब्धि है, लेकिन सबसे जरूरी है कि हम इसका मैदान पर लें।



### दूसरे स्थान पर हैं अट्टापट्टू

टी20 में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा मैच खेलने के मामले में श्रीलंका की चामरी अट्टापट्टू दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 121 टी20 मैचों में श्रीलंका टीम की कप्तानी की है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की मेग लेनिंग ने 100 मैचों में टीम की कमान संभाली है। महिला टी20 क्रिकेट में हरमनप्रीत, चामरी और मेग लेनिंग ही 100 मैचों में कप्तानी कर चुकी हैं।

## अफगानिस्तान टी20 सीरीजः टीम इंडिया के चयन पर मचा घमासान

# बद्रीनाथ ने खड़े किए तीखे सवाल, 'कोच के फेवरेट' वाली टिप्पणी से गरमाया मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा के साथ ही चयन को लेकर बहस तेज हो गई है। टीम में कुछ खिलाड़ियों को जगह मिलने पर पूर्व भारतीय बल्लेबाज एस. बद्रीनाथ ने खुलकर सवाल उठाए हैं। खास तौर पर वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश कुमार रेड्डी के चयन ने उनका ध्यान खींचा है। बद्रीनाथ ने टीम चयन पर टिप्पणी करते हुए बिना किसी का सीधे नाम लिए कोचिंग सेटअप और टीम मैनेजमेंट की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए।

बद्रीनाथ ने अपने यूट्यूब चैनल पर टीम संयोजन पर चर्चा करते हुए वॉशिंगटन सुंदर को लगातार मिल रहे समर्थन पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि पहली नजर में ऐसा महसूस होता है कि 'कोच के फेवरेट' एक बार फिर टीम में लौट आए हैं। हालांकि, उन्होंने किसी व्यक्ति का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया, लेकिन उनकी टिप्पणी को टीम के मौजूदा कोचिंग सिस्टम से जोड़कर देखा जा रहा है।

सुंदर को लेकर बद्रीनाथ की दो टूक राय

वॉशिंगटन सुंदर लंबे समय से टीम इंडिया के प्लान का हिस्सा रहे हैं, लेकिन चोट और फिटनेस संबंधी परेशानियों के कारण वह कई मौकों पर टीम से बाहर भी रहे हैं। बद्रीनाथ का मानना है कि अगर सुंदर को टीम मैनेजमेंट का लगातार भरोसा मिल रहा है, तो अब उनके पास इसे प्रदर्शन में बदलने का मौका है। पूर्व बल्लेबाज की टिप्पणी ने इस सवाल को जन्म दे दिया है कि क्या टीम में खिलाड़ियों का चयन सिर्फ मौजूदा प्रदर्शन के आधार पर हो रहा है या टीम मैनेजमेंट की पसंद का भी प्रभाव है। हालांकि, बद्रीनाथ ने अपने बयान में किसी चयनकर्ता या कोच पर सीधे तौर पर आरोप नहीं लगाया है।



### नीतीश की गेंदबाजी पर उठी उंगली

बद्रीनाथ ने युवा ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को लेकर भी अपनी राय स्पष्ट रखी। उनकी सबसे बड़ी आपत्ति नीतीश की गेंदबाजी क्षमता को लेकर है। बद्रीनाथ ने कहा कि वह नीतीश को उतना ऊंचा रेट नहीं करते और इसकी मुख्य वजह उनकी बॉलिंग है। उनके मुताबिक नीतीश की पहचान मूल रूप से एक बल्लेबाज के तौर पर ज्यादा मजबूत है। उन्हें ऐसे ऑलराउंडर के रूप में देखना जल्दबाजी होगी, जो गेंद से भी लगातार बड़ा प्रभाव डाल सके। यानी बद्रीनाथ की आलोचना नीतीश की बल्लेबाजी को लेकर नहीं, बल्कि उनकी गेंदबाजी को लेकर है।

### अफगानिस्तान सीरीज में दोनों को मिला मौका

अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय भारतीय टीम में वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश कुमार रेड्डी दोनों को जगह मिली है। सीरीज का पहला मुकाबला 13 सितंबर को दिल्ली में खेला जाना है। यह सीरीज भारतीय टीम के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बाद एशियन गेम्स में टीम अपने खिताब का बचाव करने की तैयारी करेगी। ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले टीम संयोजन को परखने और खिलाड़ियों की भूमिका स्पष्ट करने का अहम अवसर होंगे। चयन को लेकर सवाल उठाने के बावजूद बद्रीनाथ ने जसप्रीत बुमराह की टीम में वापसी को सकारात्मक खबर बताया।

### दिल्ली में होगा पहला मुकाबला

भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला 13 सितंबर को दिल्ली में खेला जाएगा। टीम इंडिया के सामने एक तरफ एशियन गेम्स से पहले अपनी तैयारियों को धार देने की चुनौती होगी, वहीं दूसरी ओर खिलाड़ियों के प्रदर्शन और फिटनेस पर भी नजर रहेगी। लेकिन सीरीज शुरू होने से पहले ही वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश कुमार रेड्डी के चयन ने माहौल गरमा दिया है। बद्रीनाथ की 'कोच के फेवरेट' वाली टिप्पणी ने चयन प्रक्रिया पर नई बहस छेड़ दी है। अब सबसे बड़ा जवाब मैदान पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन से ही मिलेगा।

## पीसीबी में क्लीनआप की तैयारी


# रिजवान-इमाम को सिर्फ खराब फॉर्म नहीं, ड्रेसिंग रूम का बवाल पड़ा भारी आकिब जावेद भी हटेंगे

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

इंग्लैंड दौरे पर पाकिस्तान क्रिकेट टीम में शुरू हुआ विवाद अब खिलाड़ियों से आगे बढ़कर टीम चयन और सेलेक्शन कमेटी तक पहुंचता दिखाई दे रहा है। मोहम्मद रिजवान, इमाम-उल-हक और सलमान अली आगा समेत सात खिलाड़ियों को इंग्लैंड से वापस भेजे जाने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में बड़े बदलाव की चर्चा तेज हो गई है। खबरों के मुताबिक, पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और वरिष्ठ चयनकर्ता आकिब जावेद को राष्ट्रीय चयन समिति की जिम्मेदारी से हटाया जा सकता है।

### रिजवान-इमाम के व्यवहार पर भी सवाल

सात खिलाड़ियों को अचानक दौरे से वापस बुलाने के फैसले ने पाकिस्तान क्रिकेट में हलचल पैदा कर दी है। इनमें रिजवान, इमाम-उल-हक और सलमान अली आगा को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा है। बोर्ड से जुड़े एक सूत्र के हवाले से आई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन खिलाड़ियों को केवल खराब प्रदर्शन के कारण बाहर नहीं किया गया, बल्कि ड्रेसिंग रूम में उनके व्यवहार को लेकर भी बोर्ड के भीतर चिंता जताई गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, रिजवान, इमाम और सलमान को कुछ कथित घटनाओं के संबंध में चयन समिति के सामने पेश होकर अपना पक्ष रखना पड़ सकता है। इन मामलों को वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दौरों के दौरान हुई घटनाओं से जोड़कर देखा जा रहा है।



### बाकी चार खिलाड़ियों की वापसी की वजह अलग

अन्य चार खिलाड़ियों को इंग्लैंड से वापस भेजने की वजह अलग बताई गई है। सूत्र के मुताबिक, अंतरिम रेड-बॉल मुख्य कोच माइक हेसन की सिफारिश पर इन खिलाड़ियों को वापस भेजा गया। हेसन कथित तौर पर उन खिलाड़ियों को अधिक अवसर देना चाहते थे, जिनके साथ उन्होंने पाकिस्तान के सफेद गेंद वाले शिविर में काम किया था। हालांकि, हेसन ने इन आरोपों से इनकार किया है। अब विवाद की आंच राष्ट्रीय चयन समिति तक पहुंच गई है। रिपोर्ट के अनुसार, पीसीबी आकिब जावेद को चयन समिति की जिम्मेदारी से हटाकर लाहौर स्थित हाई परफॉर्मेंस सेंटर में विकास संबंधी भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने को कह सकता है। आकिब जावेद को पीसीबी के भीतर प्रभावशाली चेहरों में गिना जाता है। टीम चयन और क्रिकेट से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों में उनकी भूमिका रही है। ऐसे में उनका

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# बेटी के जन्म के बाद बिपाशा हुईं बॉडी-शेम, पैप्स ने खींची बुरी तस्वीरें, बोलीं- लोग समझते नहीं

**बिपाशा बसु बॉलीवुड की एक समय पर टॉप एक्ट्रेस की गिनती में आती थीं। हालांकि शादी और एक बेटी होने के बाद, उन्होंने कुछ वक्त के लिए लाइमलाइट से दूरी बनाई। वो फिलहाल अपने पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी देवी के साथ जिंदगी बिताने पर फोकस कर रही हैं।**



बिपाशा मां बनने के बाद सोशल मीडिया पर अपने बदले हुए लुक को लेकर सुर्खियों में बनी हुई थीं। उनका वजन काफी बढ़ चुका था, जिसके कारण उन्हें बॉडी-शेमिंग और ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। आमतौर पर हर औरत मां बनने के बाद बदल ही जाती है, लेकिन सोसाइटी इस बदलाव को स्वीकार नहीं कर पाती है। कुछ दिन पहले कटरीना कैफ को लेकर भी लोगों ने बातें बनानी शुरू की क्योंकि वो काफी बदली हुई नजर आईं। अब बिपाशा बसु ने इस पूरे स्ट्रगल पर खुलकर बात की है।

एक्ट्रेस ने कहा- महिलाओं के शरीर को लेकर आज भी जिस तरह की बातें होती हैं, वो काफी अजीब हैं। जैसे ही आप बच्चे को जन्म देती हैं, आपसे उम्मीद की जाती है कि 40 की उम्र में भी आप जादुई तरीके से 20 साल की उम्र जैसी शेप में वापस आ जाएं। 20 साल की लड़की से जो उम्मीद की जाती है, वही उम्मीद 40 साल की महिला से भी की जाती है। बच्चे के जन्म के बाद अगर कोई महिला जल्दी से अपना वजन या पुरानी बॉडी शेप वापस नहीं पाती, तो उसे काफी ट्रोल किया जाता है। मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ। बेटी देवी के जन्म के बाद मुझे बहुत ज्यादा ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा।

### पैप्स ने खींचे बुरे फोटो

बिपाशा ने आगे बताया कि जब वो अपने फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन से गुजर रही थीं, उस दौरान कुछ संवेदनहीन पैपराजी ने उनकी बेहद अजीब तस्वीरें भी खींचीं. उनका कहना है कि मां बनने के बाद एक महिला किन हालात से गुजरती है, लोग अक्सर उस मेहनत को समझने की कोशिश नहीं करते. बच्चे की देखभाल के साथ-साथ महिला को अपनी निजी जिंदगी, लाइफस्टाइल और दूसरी जिम्मेदारियां भी संभालनी होती हैं. इसके बावजूद लोगों को बस यही उम्मीद रहती है कि वो जल्द से जल्द अपनी पुरानी बॉडी शेप में वापस आ जाए.

# मिर्जापुर द मूवी का भौकाल, मुन्ना भैया-बीना भाभी के इंटीमेट सीन्स से मचाई तबाही

मिर्जापुर फ्रेंचाइजी की पहली थिएट्रिकल फिल्म मिर्जापुरः द मूवी4 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और अपने डार्क टोन, डायलॉगबाजी और इंटीमेट सीन्स को लेकर चर्चा में है। फिल्म को [illegible] से सर्टिफिकेट मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बोर्ड ने करीब 35 सेकंड के इंटीमेट सीन्स हटाने, चार जगह गालियां म्यूट करने और छह जगह अपशब्द बदलने का निर्देश दिया। इसके बावजूद फिल्म का मैच्योर टोन बरकरार है।

इंटीमेट सीन्स वायरल

फिल्म में दिव्येंदु शर्मा फिर से मुन्ना त्रिपाठी के किरदार में हैं, जबकि रसिका दुग्गल, बीना त्रिपाठी (बीना भाभी) के रूप में लौटी हैं। सोशल मीडिया पर मुन्ना भैया और बीना भाभी के कई इंटीमेट सीन्स वायरल हो रहे हैं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि दिव्येंदु शर्मा और रसिका दुग्गल ने बिना झिझक इंटीमेट सीन्स कर फैन्स को चौंका दिया है। रसिका दुग्गल मिर्जापुर सीरीज में भी बेझिझक होकर इंटीमेट सीन्स देकर चर्चा में आई थीं। लेकिन इस बार मुन्ना भैया ने अपना रोमांटिक अंदाज दिखाकर फैन्स को चौंका दिया है। मुन्ना भैया बने दिव्येंदु शर्मा ने इंटीमेट सीन देकर साबित कर दिया कि वो खुद को हर रोल में ढाल सकते हैं।



मिर्जापुर द मूवी रिलीज होने के बाद जब सोशल मीडिया पर इसके इंटीमेट सीन्स वायरल हुए तो दर्शक अपना रिएक्शन दिए बिना नहीं रह पाए। एक ने लिखा कि मुन्ना भैया गजब कर दिया। दूसरे ने लिखा कि बीना भाभी और मुन्ना भैया कमाल कर रहे हैं। कुछ ने कहा कि मुन्ना भैया का जलवा है। वहीं कुछ ने कहा कि मुन्ना भैया और बीना भाभी छा गए।



## मेट्रो बाजार

# केंद्र सरकार की कॉर्पोरेट मित्र पहल शुरू, एमएसएमई को मिलेगी किफायती प्रोफेशनल सहायता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के लिए अनुपालन (कंप्लायंस) की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए कॉर्पोरेट मित्र पहल शुरू की है। इस पहल का मकसद अनुपालन को डरावना नहीं, बल्कि आसान और ज्ञान को सुलभ बनाना है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की संयुक्त सचिव अनीता शाह अकेला ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य अनुपालन को एक बोझ से बदलकर विश्वास, पारदर्शिता, जवाबदेही और व्यवस्थित विकास का माध्यम बनाना है। सरकार ने केंद्रीय बजट 2026-27 में कॉर्पोरेट मित्र पहल की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य प्रशिक्षित और प्रमाणित पैरा-प्रोफेशनल्स का एक पूल तैयार करना है जो एमएसएमई को बिजनेस और रेगुलेटरी अनुपालन में मदद कर सकें। यह प्रोग्राम आईसीएआई, आईसीएसआई और आईसीओएआई की प्रोफेशनल विशेषज्ञता को आईआईटी मद्रास, आईआईटी मद्रास प्रवर्तक औरस्वयं प्लस के तकनीकी और अकादमिक सहयोग के साथ जोड़ता है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) और इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीओएआई) ने कॉर्पोरेट मित्र कोर्स शुरू कर दिया है, जिसके पहले बैच में 2,879 शिक्षार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

# सोने में तेजी का दौर अभी नहीं थमेगा दीपावली तक 1.62 लाख पहुंच सकते हैं दाम

**नई दिल्ली।** घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में हालिया दिनों में सोने में भले ही मुनाफावसूली दिख रही हो, लेकिन सोने की बुनियादी चमक पर कोई आंच नहीं आई है। 24 कैरेट सोने का घरेलू बेंचमार्क सितंबर 2022 के लगभग 50,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से उछलकर सितंबर 2026 में 1.55 लाख रुपये के स्तर पर टिका हुआ है यानी महज चार साल में 210 फीसदी का बंपर रिटर्न।



अंतरराष्ट्रीय बाजार में 29 जनवरी को सोना 5,608 डॉलर प्रति औंस के ऐतिहासिक शिखर पर पहुंचा था। वहां से 20 फीसदी फिसलकर अब यह 4,500 डॉलर के आसपास है। बाजार विश्लेषक इसे मंदी नहीं, बल्कि एक लंबे बुल-रन के बीच की हेल्दी प्रॉफिट बुकिंग मान रहे हैं। इंडसइंड सिक्योरिटीज के सीनियर रिसर्च एनालिस्ट जिगर त्रिवेदी के अनुसार, घरेलू बाजार में 1,49,000 रुपये का स्तर मजबूत सपोर्ट बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 4,400 डॉलर प्रति औंस का स्तर सुरक्षित रहने पर दिवाली तक घरेलू भाव 1,60,000 से 1,62,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

इंडसइंड सिक्योरिटीज के सीनियर रिसर्च एनालिस्ट जिगर त्रिवेदी के अनुसार, घरेलू बाजार में 1,49,000 रुपये का स्तर मजबूत सपोर्ट बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 4,400 डॉलर प्रति औंस का स्तर सुरक्षित रहने पर दिवाली तक घरेलू भाव 1,60,000 से 1,62,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्यूरिटीज की कमोडिटी रिसर्च हेड वंदना भारती की सलाह है कि शादियों के लिए खरीदार कीमतें और गिरने का इंतजार न करें। 1,45,000 से 1,52,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में जब भी नीचे मिले, 40-50 फीसदी खरीदारी तुरंत निपटा लें।

# इंडोनेशिया में फटा अनाक क्राकाटोआ ज्वालामुखी

## 50 हजार फीट की ऊंचाई तक छाया राख गुबार



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुंडा स्ट्रेट में स्थित 'अनाक क्राकाटोआ' ज्वालामुखी आज तड़के अचानक फट गया, जिससे आसमान में 50,000 फीट तक राख का गुबार छा गया।ज्वालामुखी की राख इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता सहित आसपास के इलाकों में फैलने के कारण सुरक्षा के मद्देनजर सोकर्णो-हट्टा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सभी उड़ानों का संचालन अस्थायी रूप से रद कर दिया गया है।इंडोनेशिया की जियोलॉजिकल एजेंसी के अनुसार, मुख्य जावा और सुमात्रा द्वीपों के बीच सुंडा स्ट्रेट में स्थित इस ज्वालामुखी द्वीप में शनिवार को हलचल के संकेत दिखे थे और आज सुबह 3:53 बजे यह 30 सेकंड तक फटा।

इस घटना में फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन स्थिति को देखते हुए आसपास के निवासियों और पर्यटकों को सक्रिय क्रेटर से कम से कम 3 किलोमीटर दूर रहने की चेतावनी दी गई है।

### अस्थायी रूप से रोकी गई उड़ानें

एयरपोर्ट प्रशासन ने तड़के जारी एक ट्रैवल एडवाइजरी में बताया कि माउंट अनाक क्राकाटाऊ में ज्वालामुखी विस्फोट और हलचल बढ़ने के कारण सोएकार्नो-हट्टा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुबह 5:30 बजे से 9:30 बजे तक उड़ानों का संचालन अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। देश के इस सबसे व्यस्त एयरपोर्ट पर रद होने वाली उड़ानों की सूची लगातार लंबी होती गई, जिसके चलते परेशान यात्रियों ने टिकट का रिफंड मांगना शुरू कर दिया और अपना चेक-इन सामान वापस लिया।



## न्यूज विंडो

### सिया-चेतन के बाद तीसरी गिरफ्तारी साजिश में शामिल होने का शक

**पुणे।** पुणे ग्रामीण पुलिस ने केतन अग्रवाल मर्डर केस में रात को एक और आरोपी रितेश हांगे को गिरफ्तार किया है। शनिवार को उसे वडगांव मावल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 12 सितंबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया।पुणे ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल ने बताया कि रितेश मुख्य आरोपी चेतन चौधरी का दोस्त है। पुलिस को शक है कि हत्या की साजिश को लेकर रितेश से भी चर्चा हुई थी। इसी आधार पर उसे मामले में सह-आरोपी बनाया गया है।सिया और केतन 18 जून को पुणे के लोहगढ़ किले पर घूमने गए थे। इसी दौरान केतन की खाई में गिरने से मौत हो गई। सिया पर अपने बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी के साथ मिलकर मंगेतर की हत्या करने का आरोप है। दोनों फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं और मामले की जांच जारी है।



सिया गोयल, आरोपी

### मैनहोल में अब नहीं उतरेंगे सफाईकर्मी पटना में रोबोटिक रोवर से होगी सफाई

**पटना।** राजधानी में मैनहोल और नालों की सफाई अब आधुनिक तकनीक से की जाएगी। नगर निगम 12 रोबोटिक रोवर खरीदेगा। इन्हें छह अंचलों में दो-दो की संख्या में उपलब्ध कराया जाएगा।रोबोटिक रोवर वर्टिकल और हारिजान्टल दोनों तरह के मैनहोल, स्टार्म वाटर ड्रेनेज और नालों की सफाई में सक्षम होंगे। इन मशीनों को हल्के व्यावसायिक वाहन (एलएमवी) पर लगाया जाएगा। इनके संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी संबंधित व्यवस्था के तहत होगी।नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति ने 12 रोबोटिक रोवर खरीदने की स्वीकृति दे दी है। हर साल विशेष अभियान के तहतह मानसून से पहले मैनहोल, नाले और अन्य जलनिकासी संरचनाओं की सफाई कराई जाती है। वर्तमान में यह काम मुख्य रूप से मैनुअल तरीके से होता है। इसके लिए सफाई कर्मियों को मैनहोल में उतरना पड़ता है। इससे काम में अधिक समय लगता है और कर्मियों की सुरक्षा को लेकर भी खतरा बना रहता है।

### गजब! रोडवेज बस चोरी, 21 किमी दूर ईंटों पर टिकी मिली, चारों टायर गायब



**लुधियाना।** लुधियाना में चोरों ने बस चोरी की ऐसी वारदात को अंजाम दिया, जो किसी फिल्मी सीन से कम नहीं है। बस स्टैंड डिपो के सामने पार्किंग में खड़ी पीआरटीसी की टाप माडल बस को चोर उड़ा ले गए।अगले दिन बस शहर से करीब 21 किलोमीटर दूर ढट्ट गांव के पास ईंटों के सहारे खड़ी मिली। चोर बस के टायर, दोनों बैटरियां और अन्य कीमती सामान निकालकर ले गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। बस चालक के मुताबिक, रात करीब 12:30 बजे एक बोलेरो पिकअप पार्किंग के पास आकर रुकी। इसमें सात से आठ लोग सवार थे। आरोपी करीब दो घंटे तक वहां बैठे रहे और रेकी करते रहे।इसके बाद उन्होंने बस के स्टार्टिंग स्विच की तारें तोड़कर वायरिंग के जरिए बस को डायरेक्ट स्टार्ट किया और लेकर फरार हो गए। चालक के अनुसार, बस को इस तरह स्टार्ट करने के लिए उसके सिस्टम और वायरिंग की तकनीकी जानकारी होना जरूरी है।

### पीक सीजन में बुकिंग कैंसिल कर रहे टूरिस्ट

# नेपाल में बाढ़ से 400 अरब रुपये के नुकसान का अनुमान

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल में 26 अगस्त को आई बाढ़ से करीब 400 अरब नेपाली रुपये के नुकसान का शुरुआती अनुमान है। हादसे में अब तक 1,344 शव मिल चुके हैं, जबकि करीब 5 हजार लोग अब भी लापता हैं।

बाढ़ का असर अब नेपाल के पर्यटन कारोबार पर भी दिख रहा है। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर से नवंबर के पीक टूरिस्ट सीजन में होटल और ट्रैवल कंपनियों की बुकिंग रद्द होने लगी हैं।

काठमांडू के एक होटल की करीब 20% बुकिंग कैंसिल हो चुकी हैं। होटल के मैनेजिंग डायरेक्टर के मुताबिक, बाढ़ के बाद एक हफ्ते में खासकर ऑनलाइन बुकिंग में तेजी से कैंसिलेशन हुआ।


नेपाल जाने वाला हर चौथा पर्यटक भारतीय नेपाल आने वाले विदेशी पर्यटकों में भारतीय सबसे आगे हैं। नेपाल सरकार के 2024 के पर्यटन आंकड़ों के मुताबिक, उस साल नेपाल में कुल 11.48 लाख विदेशी पर्यटक पहुंचे।इनमें 3.18 लाख भारतीय थे, यानी कुल विदेशी पर्यटकों का करीब 27.7%। भारत के बाद अमेरिका से 9.69% और चीन से 8.88% पर्यटक आए। यानी नेपाल आने वाला हर चार विदेशी पर्यटकों में करीब एक भारत से था।

### 5 हजार लोग लापता, 1,344 शव मिले



### सिक्किम में लैंडस्लाइड, दो नदियों का रास्ता बंद, यूपी में घाट डूबे

सिक्किम के नगा फॉरेस्ट इलाके में नगा-टोसा रोड की नई सड़क कटिंग पर शनिवार देर रात लैंडस्लाइड हुई। यह लैंडस्लाइड थेंग टनल के सामने तीस्ता और च्याकोऊंग नदियों के संगम के पास हुई। इससे दोनों नदियों का बहाव रुक गया और इलाके में पानी इकट्ठा होने लगा। वहीं, यूपी के 18 जिलों में रविवार को बारिश का अलर्ट है। 26 जिलों के 3.53 लाख लोग बाढ़ से परेशान हैं। प्रयागराज में घाट डूबने से सड़क पर चिताएं जलानी पड़ रही हैं।उधर, बिहार के 18 जिले बाढ़ की चपेट में है। पटना के गांधी घाट पर गंगा ने 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। शनिवार को यहां जलस्तर 50.57 मीटर पहुंच गया। 2016 में 50.52 मीटर दर्ज किया गया था।



बिहार में गंगा खतरे के निशान के ऊपर है।

### इसरो निजीकरण का मामला

# 9 कर्मचारी यूनियनों ने पूछा- क्या हम सिर्फ रिसर्च करेंगे!

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने के सरकार के फैसले के छह साल बाद पहली बार, इसरो केंद्रों के नौ कर्मचारी संघों ने इस बदलाव की दिशा और इसके आधार को लेकर औपचारिक रूप से चिंता जाहिर की है।अंतरिक्ष विभाग के तहत हजारों कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले इन संघों ने अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष से इस मुद्दे पर लिखित स्पष्टीकरण मांगा है, जो DoS के सचिव और इसरो अध्यक्ष भी हैं।



### रिसर्च बुटीक तक सीमित न रहे इसरो

4 सितंबर को सौंपे गए मांग पत्र में कर्मचारी संघों ने कहा कि तय व्यावसायिक गतिविधियों में निजी भागीदारी एक मजबूत और सार्वजनिक स्वामित्व वाले इसरो के साथ सह-अस्तित्व में रह सकती है।लेकिन बिना किसी चर्चा के ऐसी नीति को स्वीकार नहीं किया जा सकता, जो इसरो को केवल एक R&D बुटीक यानी रिसर्च और डेवलपमेंट तक सीमित बना दे और देश के लॉन्च वाहनों का निर्माण और संचालन सार्वजनिक हाथों से बाहर चला जाए। कर्मचारियों ने इसरो द्वारा विकसित तकनीक को राष्ट्रीय संपत्ति बताते हुए कहा कि इसका हस्तांतरण पारदर्शी, जवाबदेह और रणनीतिक सुरक्षा और रोजगार के हितों के अनुकूल होना चाहिए। इस संयुक्त ज्ञापन पर इसरो स्टाफ एसोसिएशन SHAR एम्प्लॉइज एसोसिएशन, Isac एम्प्लॉइज एसोसिएशन सहित नौ प्रमुख संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं।कर्मचारी संघों ने इन-स्पेस के अध्यक्ष पवन गोयनका के हालिया सार्वजनिक बयान का भी जिक्र किया, जिसमें कथित तौर पर कहा गया था कि इसरो अंततः किसी भी लॉन्च वाहन का निर्माण नहीं करेगा।

## महाराष्ट्र छात्र प्रदर्शन: राहुल ने सरकार को दी चेतावनी, कहा- छात्रों का भरोसा पूरी व्यवस्था से टूट गया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज कहा कि महाराष्ट्र में हजारों छात्र शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं और इसकी वजह सिर्फ किसी एक परीक्षा या भर्ती का मुद्दा नहीं है। उनके मुताबिक, छात्रों का भरोसा पूरी व्यवस्था से टूट गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को छात्रों की आवाज सुनकर तुरंत कदम उठाना चाहिए, वरना छात्रों की गूंज और तेज होती जाएगी।



राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र हो या राज्य सरकार, भाजपा शासन में हर छात्र परेशान है। उन्होंने पेपर लीक, भर्ती प्रक्रियाओं के अटकने, शिक्षा की बढ़ती लागत, हॉस्टल की खराब और अमानवीय स्थिति, खराब भोजन और डीबीटी में धोखाधड़ी जैसे मुद्दे गिनाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग यानी एमपीएससी जैसी संवैधानिक संस्था पर नियंत्रण कर उसकी विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाया गया है।राहुल गांधी ने कहा कि छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए की जा रही उनकी हर मांग जायज है। उनका बयान ऐसे समय आया है, जब महाराष्ट्र सरकार ने राज्य की भर्ती परीक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति बनाई है।

## सहारनपुर मस्जिद ध्वस्तीकरण: मलबा हटाने के दौरान मिला 20 फीट गहरा कुआं, डाला गया था लिंटर

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एक मस्जिद को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के बाद मलबा हटाने के दौरान जमीन के नीचे एक गहरा कुआं मिला है। प्रशासन ने शनिवार सुबह दो मंजिला मस्जिद को हटाने का काम शुरू किया था। यह कार्रवाई नगर मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश पर की गई थी।

मस्जिद 315 वर्ग मीटर भूमि पर बनी हुई थी। शनिवार तड़के मस्जिद को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू हुई। देर शाम तक मलबा हटाने का काम जारी रहा। मलबा हटा रही टीम को मस्जिद के नीचे यह कुआं मिला। कुएं की चौड़ाई लगभग एक से सवा मीटर है। इसकी गहराई 20 फुट मापी गई



है। कुएं में 20 फुट के नीचे मिट्टी दबी हुई है। प्रशासनिक टीम कुएं को पुराना मान रही है। किसी भी अनहोनी से बचने के लिए कुएं के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया है। एसडीएम सदर सुबोध कुमार ने कुआं मिलने की पुष्टि की।

### मस्जिद ध्वस्त करने की कार्रवाई

सहारनपुर के कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित दो मंजिला मस्जिद को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई शनिवार सुबह प्रशासन द्वारा शुरू की गई थी। नगर मजिस्ट्रेट की अदालत ने मस्जिद हटाने का आदेश दिया था। मस्जिद 315 वर्ग मीटर सरकारी भूमि पर बनी हुई थी। कार्रवाई के दौरान देर शाम तक मलबा ह्यदौरान मस्जिद के नीचे जमीन में एक कुआं मिला। इस कुएं की चौड़ाई लगभग एक से सवा मीटर है। इसकी गहराई 20 फुट बताई गई है। कुएं के निचले हिस्से में करीब 20 फुट तक मिट्टी भरी हुई है। प्रशासनिक टीम ने इस कुएं को काफी पुराना माना है।

### मेट्रो एंकर

### एवरेस्ट पर बढ़ती भीड़ बनी ग्लेशियर की मुसीबत, वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी

# इंसानी यूरिन से पिघल रहा एवरेस्ट का ग्लेशियर!



**काठमांडू।** माउंट एवरेस्ट पर बढ़ती इंसानी गतिविधियों और ग्लोबल वार्मिंग की वजह से खुम्बु ग्लेशियर तेजी से पिघल रहा है। इसके पीछे की बड़ी वजह इंसानी यूरिन को माना जा रहा है, इससे भविष्य में बड़े प्राकृतिक हादसे का खतरा मंडरा रहा है

दरअसल, नेपाली और अमेरिकी वैज्ञानिकों के एक स्टडी में पता चला है कि एवरेस्ट बेस कैंप पर जुटने वाली पर्वतारोहियों की भीड़, टेंटों से निकलने वाली गर्मी और इंसानी यूरिन हर साल क्लाइंबिंग सीजन के दौरान लगभग 2,500 टन बर्फ को पानी में तब्दील कर रही है।

हाल ही में 'रीजनल एनवायरनमेंटल चेंज' जर्नल में प्रकाशित नेपाली और अमेरिकी वैज्ञानिकों के अध्ययन में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि ग्लोबल वार्मिंग के अलावा पर्वतारोहियों की गतिविधियां- विशेषकर इंसानी यूरिन और बेस कैंप की गर्मी ग्लेशियर को तेजी से पिघला रही हैं।

### प्रतिदिन औसतन 6,766 लीटर पेशाब

ऊंचाई के कारण अधिक पानी पीने से पर्वतारोहियों द्वारा 2023 के सीजन में प्रतिदिन औसतन 6,766 लीटर यूरिन बहाया गया। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस मानव निर्मित गर्मी और यूरिन के कारण हर क्लाइंबिंग सीजन में करीब 2,500 टन बर्फ पिघलकर पानी में तब्दील हो रही है।

### ग्लेशियर पिघलने की अन्य बड़ी वजह

अध्ययन के अनुसार, खुम्बु ग्लेशियर पर स्थित एवरेस्ट बेस कैंप में हर साल करीब 1,600 टेंट लगाए जाते हैं, जहां किचन, जनरेटर, वाई-फाई और शॉवर जैसी सुविधाओं से निकलने वाली गर्मी जमीन का तापमान बढ़ाती है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि हिमालय का तापमान अन्य क्षेत्रों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है। वर्ष 2000 के बाद बर्फ पिघलने की रफ्तार दोगुनी हो चुकी है। खुम्बु ग्लेशियर बेस कैंप की सतह का तापमान हर साल 0.28 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रहा है और यह भविष्य में बड़े संकट पैदा करने का संकेत है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया** **स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564, 4917524